Then there is the question of old Muslim refugees—there are also Hindu refugees; their number runs in lakhs—and former's number is in thousands; it is a sizeable number. Many of those refugees are still not rehabilitated in the sense that they have not got back their property. This attitude of discrimination on the part of the Police Department, the Home Department and all departments of Government, must be corrected.

I want to make another point about discrimination. I was listening very carefully to some of the speeches about Hindi and other things. I have no quarrel with Hindi. In fact, you will be surprised to know that I have learnt Hindi quite well; I can speak. The position is this. Without having any quarrel with Hindi, I must say that the statement by the Government of India about the non-Hindi Indian languages is a little discriminatory. Yesterday there was a supplementary question regarding translation of laws and statutes in Hindi; we are not quarrelling on that; let them be translated in Hindi; but at the same time when the question was put whether it is being done in other Indian languages, the Minister said that, for this purpose, Rs. 11 to 14 lakhs would be required and, therefore, unless the States co-operated, that could not be done. If this news goes out, how will the non-Hindi speaking people feel about it. Can the Central Government not offer some money to start with? It is only Rs. 14 lakhs; it should not be very difficult to give. The Home Ministry should be conscious of the feelings of other people. I say this without any grievances over any language. The Government should try to understand the feelings and sentiments of those 30 or 40 crores of people whose mother-tongue is not Hindi. There should not be any second-class citizen in India, whether he is a Bengali or a Muslim or a Sikh or a Tamilian. All the citizens should be treated alike. The Home Ministry is particularly responsible for this particular question. The Home Ministry should see that such a discriminatory treatment is done away with,

and the sooner it is done away with, the better it is for the unity of the country, which consists of various types of linguistic groups or national groups or whatever you may call it, the better it is for the prosperity and bright future of India.

With these words I conclude. I am sorry I had to say some very hard words, because this has been the feeling for the last few years about this Emergency, about the arrest of Mr. A. K. Gopalan and Mr. Anandan Nambiar, who are absent from here; I had, therefore, to use very hard words in regard to the Intelligence Department and in regard to the Police Department. I must say that the whole outlook must change; those who are at the top in the Home Ministry, i.e., the Minister, the Minister of State, and Deputy Ministers must change their outlook and then alone the outlook of the people in the lower rung will change.

Shri Khadilkar (Khed): The debate on the Home Ministry's Demands gives us an opportunity to examine, according to my understanding, dispassionately what they have achieved during the course of the stewardship of Shri Nanda, and if there are any failures, what those failures are. In a society where there is a process of transformation, where changes are brought about by the democratic method, and new forces are released, to administer the Home Ministry is an extremely difficult job. Therefore, if we look at it, taking events here and there, that would not give us a correct picture. That will be just looking at the trees and missing the wood as they say.

Let me enumerate what they have achieved and let me also have a look at the present problems which are facing our society and facing in a big way the Home Ministry, the problem of integration of tribal regions into the Indian Union, the problem of law and order and so many other problems.

If I were to look at their achievements in a very objective manner, I would enumerate a few things, to begin with. For instance, the integration of Jammu and Kashmir was a problem. By making articles 356 and 357 applicable to Jammu and Kashmir, they have further integrated Jammu and Kashmir and brought it into the mainstream of Indian political life. That sense of separation is slowly being removed by these steps. This must be admitted, and this is a big achievement. I would say that this is the main thing which goes to the credit of the Home Ministry.

Then, there is the case of administrative reforms. If this country which has been governed so far by a set of administrative agencies well established during the British regime, and if this law and order State is to be transformed into a welfare State, a new administrative pattern needs to be developed. In a society that is being industrialised, and where the feudal things are slowly broken up and the feudal order is being broken up, to initiate measures of administrative reform is a big task. By setting up a committee and taking certain measures on their report, and now by setting up a full-fledged commission under the chairmanship of Shri Morarji Desai, I think the Home Ministry has taken big strides in this matter. I would content myself with saying that, because for want of time I do not want to enumerate in detail what they have done.

There is one other equally important and vital matter concerning corruption. Last year, it figured very much in our discussions. But it appears from the speeches now that the measures taken have produced a certain impact and at least corruption has been checked to a considerable extent.

Some hon. Members: No.

Shri Khadilkar: I am coming to that. I am not unaware of the exist-

[Shri Khadilkar]

ence of corruption. What I am saying is that the steps taken have created a great impact. A certain process has been set in motion by which further corruption is being stopped in the administrative services at least; and in public life also, certain steps have been taken. If you take a dispassionate and objective view of the situation . . .

Mr. Deputy-Speaker: My hon. friend can say that concerted attention has been paid to this matter.

Shri Khadilkar: That is what I am saying. The process has started. I am not saying that corruption has been eradicated. That would be too tall a claim to make in our society if we look at the things round about. What I was saying was this. In a country like this, which as, Jennings has put it, has a federal type of government, in fact, not completely federal, but a quasi-federation with greater power at the Centre, the Centre took the initiative against the Chief Ministers of States; against the Chief Minister of one State, there was a commission of inquiry, and in the case of another Minister and an ex-Minister, there was some proceeding and they had to quit. Do you not think that this has a deterrent effect in general? I am not saying that it has eradicated corruption. But it has a deterrent effect and a very healthy effect on the whole tone of party life and of Government at the State level. We must admit this and we must agree that it was a bold step. I know that the Central Minister Shri Nanda has got to face attacks from both sides; if he acts in one way then he is bound to be attacked by one side, and if he acts in another way, then he is bound to be attacked from the other side.

Shri Shinkre: Which are those sides?

Shri Khadilkar: I am coming to that. Let my hon. friend please give me my time, because the time at my disposal is limited. In such a situation, if he has taken these steps which have some deterrent effect on the actions and activities, then it is something creditable. Previously, a certain laxity was visible at the State level, but now that position has changed.

Then, I shall mention one other very important thing. I am taking these things at random. There are friends who take more interest in labour problems. I also used to take interest in labour problems, but I am too old for it now. The question of Whitley Council was there since the Pay Commission's report in 1960. It was a difficult problem, as you know, but ultimately a machinery has been evolved, a sort of conciliation machinery which will go a long way in restoring the morale of the services and a sense of integrity in the ranks. My hon. friends will agree that this is also a big achievement. I have no time, otherwise, I could cite many other things.

Shri A. P. Sharma It provides for compulsory arbitration.

Shri Khadilkar: As I have said, I have no time to go into the details.

Last but not least, the Santhanam Committee had recommended the constitution of a vigilance commission. But the public grievances part was taken out of it. Now, a well-known officer and a well-experienced officer has been given charge of this, and a machinery for redress of public grievances has been set up at the Centre. We have to keep in view these things, with the background of Shri Nanda in mind. I cannot forget Shri Nanda, because I have known him for the last thirty or forty years. He is a type of a Gandhian. When he took over the Home Ministry, I criticised him and said 'This is not your job; you are too much of a philosopher; you are too much of an idealist; means and ends count with you; you

are going to prove a failure. But now I feel in a different way. In a society that is in transformation, one may think of assuming dictatorial powers and setting up a machine of repression, and any other Minister would have gone that way, but because of his past, his Gandhian past, Shri Nanda has kept his head above waters . . .

Shri K. C. Sharma (Sardhana): He is not drowned.

Shri Khadilkar: I must say that the Home Minister has functioned well and looked at the question not merely as a law and order problem but also as a welfare problem and as a social problem in this country, and I am glad to say that he has not given up that approach to the Indian situation.

Shri Daji: Excepting in the case of Haveli Ram.

Shri Khadilkar: There are eccentricities in my hon. friend's party also. I know that some Members of his party also consult astrologers. Therefore, these are personal matters, and let us not go into them now.

Shri Daji: My hon. friend may kindly give their names.

Shri Khadilkar: I do not want to mention names, but I know them. If they do not, their wives do, because they have greater faith. Therefore, this backdoor entry to the house of Haveli Ram or whoever he is is there.

Shri A. P. Sharma: They consult foreign astrologers.

Shri Khadilkar: When it was said that he was a disillusioned socialist, I did not like it. But the compulsions of the Indian situation are such that those who are running the administration will have to make compromises. You cannot ignore this fact. If those compromises do not undermine our basic policies, the set objectives of social reconstruction etc. then such compromises should not be attacked from the angle that they are a surrender to this side or that side.

I shall mention one other problem before I come to the major issue, that is, the arrest of the Left Communists. I had my own doubts about the report that was presented to this House. But if it was a question of security risk and it was genuinely felt that there was something like that, and the Right Communists also then disassociated themselves from the policies and programmes of the Left Communists, why should Shri Nanda be blamed now and pilloried in the way he is being pilloried at the present juncture? There are aspects which should be kept in mind at this juncture. It is not a question of simply praising, because I am going to say something different; I am going to say that I was not satisfied with the report that was presented here. But one thing is very clear. There was the war front. There was the equally important home front. Who kept peace in the country? No doubt, the people responded. But broadly speaking, peace on the home front, dealing with the infiltrators, protecting vital strategic transport points, all that thing was done by the Home Ministry. It discharged its duty commendably well.

After saying all this, I come to the major problem facing the Government and the country at large, the problem of law and order. Unless you are prepared to probe into it and look at the problem in the social complex or the social context, neither the Home Ministry nor we would be able to see it in its proper perspective.

What is the problem? So far, we are looking at it in a symptomatic way. If there is some disturbance, we send the police. If there is greater disturbance, we call in the military personnel. This is not the way, and this is not going to solve the problem. Unless we do a little searching of the heart, I mean everyone of us, we cannot find the solution.

Take the Bengal situation. What happened there? That should be an eye-opener to Government. There was of course the question of food.

[Shri Khadilkar]

But an impression is gaining ground that unless some violence is there, unless there is some fast unto death, Government normally does not move. But apart from that, in Bengal—I have closely studied the situation—Government was completely isolated from the people. Students—you say they are rowdy and indisciplined—teachers—they say they are disgruntled—professors and then Judges of the High Court, joined. We saw all sections of the population on the one side supporting the agitation on the streets and Government sitting completely isolated on the other side, in an ivory tower trying to meet the situation, by inviting the military for their help.

This is not a problem only of Bengal I am touching an aspect of the present situation where active communication with the people is lost, touch with the people is lost. You are sitting in isolation trying to discharge the duties of administration, and therefore, such ugly situations arise. A certain area of gulf has been created between the broad masses of the people and those who rule over them. If it is not bridged, I am afraid no amount of police force or reliance on the military will be able to solve the problem. Therefore, I would warn the Home Minister and the Home Ministry. Look at the problem in its essence. What is the social milieu? What are the basic causes of this disease. Do not deal with it in a symptomatic manner taking some temporary repressive or other measures which are not sufficient to meet the situation in the present state of democratic development in our country. This aspect must be squarely brought before the House and borne in mind in devising a solution.

There is another question, of a certain dialogue with the people, an emotional dialogue, because new forces are let loose in society, in a transforming society. Those who rule, the Chief Ministers and others must have that emotional dialogue, a certain amount of rapport with the people. But today that dialogue is completely absent. When Panditji was there, I remember whatever he said, whether people agreed or disagreed, that dialogue was continued from the top in the capital to the small tea stop in the village. Everywhere, the point was debated and discussed. Unless you want to return or relapse to a different type of democracy, a distorted democracy, you have to give it a different treatment and make it a living pattern. I call it the living pattern in our country at the present juncture. This dialogue with the people, identifying themselves with the emotions and urges of the people, must be kept up. Otherwise, they will fail in discharging their duty and will be relying only on the *danda*. That is not going to save the situation. We have come to a turning point after 18 years. This is an adolescent age of democracy. Somebody referred to the teen-age. We have reached the adolescent age of democracy. The younger generation has come up and society is being transformed. In such a situation, the totality of the picture must be taken into consideration. All forces must be taken into account and their co-operation enlisted. Then only you can rule this country. That is the Home Ministry's job. As I said in the beginning, particularly when Nandaji is presiding over the affairs of the Ministry, they will have to look into this aspect. He and his Ministry must take into account this socio-political problem in our country in the present context and restore a sense of confidence and health to our democracy at its grass-roots. When I speak of dialogue at the local level, it means the grass-roots of democracy. This is one thing.

Then there is another problem, the problem of integration. Let me say that so far as the scheduled castes are concerned, they have developed their own leadership and many things are being done. They are more integrated, not completely, but largely intergrated. But so far as the scheduled tribes are concerned, they have re-

mained outside the periphery of our society. It is not a question of Bastar. Bastar is just an eruption. We are not happy with it. Perhaps a local police officer might have committed an excess of violence. I am not saying that the Minister was responsible directly. But certainly people feel that what has been done to the leader was not justified. He was not just a prince, he was the leader of the tribals. They felt their loyalty towards him, they have a certain love for him, because he functioned not as a prince but as a leader of the tribals.

Therefore, you will have to take positive steps in this region which comprises about 70 lakhs of people in this belt. This is one problem.

There is another problem of a similar character, that of the hill tribes. Take the Mizo Hills. Nagas are spearheading the struggle. Do not isolate the Nagas. The spearheading of the struggle is done by the Nagas. There are the Mizo Hills people and other hill people. The Assam representatives will excuse me for saying this—this is my opinion—that there is a deep feeling of distrust of them among those people at their being governed by the Assamese. The sooner they are taken over by the Government, the better. If you look at it from the point of view of showing strength and bringing them round on bended knees, that approach is no good.

Shri Sham Lal Saraf (Jammu and Kashmir): Why not give autonomy?

Shri Khadilkar: I am coming to that. Some of the tribes are on the other side also. Burma has taken certain steps. There are missionary influences. They are highly educated, more educated than the people in Assam are. I must say this very plainly that they are better educated also in many respects. On the other side, the Burma Government has taken two immediate steps. One, they have taken over the schools. Then they have taken over the hospitals. To eradicate or drive out the missionaries is not an easy thing. They have lived with them. You will have to create a sense of confidence in a new social service in the hill tribes. They should be taken over by the Centre and given the fullest autonomy. You should try to remove their grievances in time; otherwise, these hill tribes who are on our border will always remain a problem with us. These are the things about the tribal people which have to be done.

Shri Sham Lal Saraf: What about giving them autonomy?

Shri Khadilkar: I have said that.

Last time, I had suggested that you must start a central institute for training the tribal intelligentsia. You have done nothing. In other countries, for instance in China—I tried to study their literature—they have got a big central institute where people from different regions are brought together, facilities are given, and then a new leadership is created. Have you made any attempt on these lines? You have done nothing.

There was a report presented, how many crores or lakhs we have spent, but do you know that when you probe into these figures, you find that most of the money has gone on administrative expense and the corrupt contractors? It has never reached the people, and does not improve their lot a bit anywhere. Such has been the welfare administration of the tribal areas. Formerly the British Government kept them as museum pieces, we must change that, we must try to penetrate their life, understand them emotionally and try to win them over. That is the only process. Kid-glove methods, somebody said, are not useful. I agree there must be force, but the force must be the minimum. Force should not be the instrument of integration. Integration by force can never take place. That is the law of social development everywhere, and therefore I would say, try to win

[Shri Khadilkar]

them over, make a new approach to the problem, and the present approach also should be further pursued, in order to win them over. Do not try to foist everything that happens on the Nagas or the Mizo people.

The leader of the Mizos, Mr. Laldonga, was here in Delhi for some days a few days back, and those who have seen him say that he is a very intelligent man and a good leader. You must try to meet him, meet their leadership. It is no use trying to bypass the leadership of the tribals and meet the situation by some other method. Ultimately, as you have recognised the leadership of the scheduled castes willy nilly, you will have to recognise the leadership of these people in order to integrate them in the scheme of things, so that they can be won over.

Shri A. P. Sharma: Separate leaders for everybody.

Shri Khadilkar: One more thing and I have finished. Somebody referred to prohibition. Prohibition has been made the central plank of Gandhiji's Centenary. On this point I do endorse the general policy of prohibition. But look at the social consequences dispassionately. A new class has been created, most antisocial in our society, and they have become a menace. Therefore, if you want to puruse the policy of prohibition, a certain climate must be created. Today there is the privileged class of permit-holders who can drink and call it a status symbol in clubs, restaurants and private parties. All the Government officials and contractors will drink, and it will be called a status symbol, as against the lower strata for whose benefit you are pursuing the policy of prohibition. I would urge that you should review this policy from this point of view and make an assessment of its failure and success, and create a proper social climate. You cannot instil morality, bring about change in social habits, by law or prohibition. Whether it is gold or liquor, you will have to make a fresh approach, a new approach, to the problem.

Shri A. P. Sharma: Are you in favour or against it? Make it clear.

Shri Khadilkar: I do not want it as it is being administered today; I do not want it to be lifted, because it is bad; you have got to improve the system. That is my main contention.

A statement was made regarding the emergency. The important point in the statement is that unless a law of indemnity is passed, Government cannot completely remove the emergency. Emergency should not be continued even for a minute longer, because it has lost that sense of urgency and emergency in the public at large. It is being abused and misused. I would make this suggestion. It is being withdrawn and kept only for a limited purpose where it is absolutely necessary from the security point of view. Even after making these arrangements, I would suggest that a commission should be appointed, after the law of indemnity has been passed, to find out whether during the emergency it was properly administered or was abused for some other purpose. Then alone you will restore confidence in law and order, because law and order has ultimately a moral foundation; it is not a danda foundation on which the State runs. In this country today the leadership is not having that moral authority. It has been undermined, whether in Bengal or elsewhere. Unless you restore that moral authority of leadership in our society, no Home Minister or Home Ministry, whatever be the police powers or military powers behind him, can be effective. I hope

and trust that under Nandaji's leadership, this leadership will reassert itself and try to restore that confidence

श्री भागवत झा आजाद : उपाध्यक्ष महोदय, गृह मन्त्रालय की मांग पर विचार करने के समय बहुत सी बातें नजर के सामने आती हैं । गृह मन्त्रालय को बहुत से कार्यों की तरफ देश में देखना है । देश की आन्तरिक सुरक्षा, देश में सुन्दर और स्वस्थ शासन, स्वप्नवत् अमन और चैन और इससे भी अधिक आगे जब देश में बाहर से आक्रमण हो, तो उस समय देश की सुरक्षा पर ध्यान, यह ऐसी बातें हैं जिसकी परिधि मे इस देश की सभी व्यवस्थायें आ जाती हैं । अब गृह मन्त्रालय को इन बहुत से कामों को भी करना पड़ता है । गृह मन्त्रालय इस देश के अच्छे और बुरे कार्यों का बैरोमीटर है । अगर देश में शान्ति और सुरक्षा है, अगर देश के खेत और खलिहानों में अनाज काफी उपजता है, लोगों को खाने के लिए अन्न, पहनने के लिए कपड़ा है तो देश में शासन और व्यवस्था, ला एण्ड आर्डर जिसे कहते हैं, कानून और व्यवस्था अच्छी रहती है । लेकिन ज्यों ही, देश में भुखमरी की स्थिति होती है, उस समय देश में हड़ताल और प्रदर्शन आदि चीजें होती हैं तो उस समय कानून और व्यवस्था के नाम पर गृह मन्त्रालय को वहां पर आना पड़ता है । यद्यपि खेत और खलिहानों में अन्न नहीं उपजने का कारण, कमी का कारण चाहे खाद हो, चाहे पानी हो और इनका सम्बन्ध गृह मन्त्रालय से नहीं बल्कि खाद्य मन्त्रालय से है, लेकिन अन्त में जब देश के सामने यह बातें आती हैं तो इसकी सारी जवाबदेही ला एण्ड आर्डर के नाम पर गृह मन्त्रालय पर आ जाती है । इसलिए मैं कहूंगा कि हम ला एण्ड आर्डर की दृष्टि से इसको कई भागों में बांट सकते हैं । आज हर बात को ला एण्ड आर्डर के नाम पर, कानून और व्यवस्था के नाम पर देखा जाता है । मैं इसे तीन भागों में बांटता हूं । पहला तो यह है कि जहां सचमुच समाज के असामाजिक तत्व इस देश के कानून और विधान को अपने हाथ में ले लेते हैं, वहां पर यह ला एण्ड आर्डर का प्रश्न है । दूसरा प्रश्न वह है कि जहां जनता की वास्तविक मांगें हैं, जहां उनके सामने वास्तविक कठिनाइयां हैं, भूख का प्रश्न, अन्न का प्रश्न, केरोसिन तेल का प्रश्न है, उनके सामने कपड़े का प्रश्न है, उनके सामने खराब शासन व्यवस्था जहां पर कोई बात चांदी के ठीकरों के बिना चलती नहीं, यह प्रश्न है, इसलिए इसके कारण जनता विद्रोह करती है तो वह भी एक ला एण्ड आर्डर का प्रश्न है । और तीसरा यह है कि हमारे बहुत से भागों में ऐसे तत्व हैं जो देश की सार्वभौमिकता, अखण्डता और स्वतन्त्रता को चुनौती है और इस तरह का रूप आप देख सकते हैं नागालैण्ड में, मिजो हिल्स में और जम्मू और काश्मीर में । इस प्रकार हमारे सामने कई ऐसी परिस्थितियां हैं जिनका सम्बन्ध कानून और व्यवस्था से है । मैं आपको कहूंगा, गृह मन्त्रालय हर बात पर या यह सरकार विशेष अच्छा यह होगा कि यह सरकार हर बात को कानून और व्यवस्था का प्रश्न न बनाये । जहां पर वास्तव में असामाजिक तत्व या साम्प्रदायिक तत्व है जैसे पिछली बार कलकत्ते में दंगे हुए, जमशेदपुर में हुए, भिलाई म हुए, यह सचमुच में ला एण्ड आर्डर का प्रश्न है और इसके लिए सरकार ने जिन जिन उपायों का सहारा लिया, जितनी गोलियां चलायीं वह जस्टिफाइड हैं । लेकिन अगर केरोसिन तेल की कमी के कारण, अगर भूख के कारण, अगर अन्न के कारण, अगर फूड कण्ट्रोल के कारण जनता विद्रोह करती है तो मैं समझता हूं कि वहां सरकार को डंडा और गोली चलाने के बजाय कुछ बातों को शांतिपूर्वक सोचना होगा कि क्यों नहीं इस बात को किया जाय । लेकिन जब आप ठीक ठीक करते हैं तो उसमें एक प्रश्न आता है और वह प्रश्न यह है कि हम तमाम इन चीजों को, प्रदर्शन और

[श्री भागवत झा आजाद]

हड़ताल के नाते अवश्य ही कर सकते हैं । किसी भी गणतन्त्रात्मक सरकार में भूख हड़ताल करना, प्रदर्शन करना यह हमारा अधिकार है । लेकिन जब यह भूख हड़ताल वाले या प्रदर्शन करने वाले या किरोसिन आयल न मिलने के कारण आवाज उठाने वाले लोग राजनीतिक स्वार्थ रखने वाले तत्वों के हाथ में खेलने लगते हैं और हिंसा करने लगते हैं जब यह स्टेशन तोड़ते हैं जब यह रेलें जलाते है तब उस समय होता यह है कि उनकी वास्तविक मांगों का जो असर सरकार पर पड़ना चाहिए वह असर सरकार पर नहीं पड़ता है और होता यह है कि उस समय सरकार की गोली और लाठी हावी हो जाती है । उस समय हमारे ऐसे व्यक्ति जो वास्तव में उस मांग का समर्थन करना चाहते हैं जो चाहते हैं कि गणतन्त्रात्मक सरकार में जनता अपनी जायज मांगों को मनवाने के लिए प्रदर्शन करे, भूख हड़ताल करे और प्रदर्शन हों, उसका समर्थन नहीं कर पाते । अब अगर कोई अपनी जायज और वाजिब मांगों को मनवाने के लिए हिंसा करे, रेल जलाये या स्टेशन जलाये अथवा लोगों को जान से मार दे तो उस समय उनका और उनकी मांगों का समर्थन करना कठिन हो जाता है । इसलिए यह आवश्यक है कि हम इन प्रश्नों पर इस दृष्टि से विचार करें । इसके तीन भाग रक्खें । पहला भाग तो वह है कि जहां पर वास्तव में कानून और व्यवस्था का प्रश्न है वहां पर सरकार निश्चय ही अपना रूप दिखाये । वह साम, दान और दण्ड, भेद का रूप अख्त्यार करे और कार्य करे । दूसरा वह जिसका कि मैंने अभी हवाला दिया अर्थात् जहां लोग अपनी जायज मांगों के लिए भूख हड़ताल आदि शांतिपूर्ण प्रदर्शन करें वहां पर निश्चय ही सरकार को सहानुभूतिपूर्वक विचार करना चाहिए । तीसरा और जो सबसे प्रमुख है वह यह कि देश में जो ऐसे भाग हैं जैसे मीजो हिल्स, नागालैण्ड और जम्मू काश्मीर, इन जगहों में जो ऐसे अराज्यक तत्व हैं, अराष्ट्रीय तत्व हैं जो इस देश की सार्वभौमिकता को चुनौती दे रहे हैं मैं समझता हूं कि इस सरकार को और गृह मन्त्रालय को मजबूती के साथ उनका दमन करना चाहिए । सरकार उनके खिलाफ़ कार्यवाही करे । कार्यवाही करने के लिए जब मैं कहता हूं तो उसका मतलब यह नहीं है कि जो उनकी वास्तविक मांगें हैं उन पर विचार न किया जाय; सरकार को अवश्य उन मांगों पर विचार करना चाहिए । लेकिन देश के वह भाग जो कि अपनी मांगों को शान्तिपूर्ण तरीक़ों से मनवाने के बजाय यह कहते हैं कि हम हिन्दुस्तान के बाहर के हैं जैसे कि मिजो हिल्स वगैरह के लोग, मैं यहां पर मिजो यूनियन की बात नहीं करता, जो कि अपने को इस भारत देश का नागरिक न मान कर दूसरे नेशनल्स मानते हैं जो अपने को हिन्दुस्तान के बाहर का मानते हैं और सुकर्ण को पत्र लिखते हैं ऐसे भागों में हमारा गृह मंत्रालय जो काम कर रहा है और कार्यवाही कर रहा है उसका हम समर्थन करते हैं । आज अपने नौजवान दोस्त रिशांग किशिंग को पूछिये कि आज यह नागालैंड वाले सीज-फायर के नाम पर मनीपुर में क्या काम कर रहे हैं ? हाथी साहब और नन्दा साहब, आप का यह कर्तव्य है कि मनीपुर में ला एंड आर्डर मेनटेन करें और जो आपके प्रति इंडियन यूनियन के प्रति वफादार और इस देश के प्रति ईमानदार हैं उन लोगों को आप हथियार दें और उनको अपने में से वालिंटियर्स आर्गेनाइज करने चाहिएं और उन शरारती, अराष्ट्रीय और अराजक तत्वों को चनौती दें और उनका सामना करें जोकि इस देश की सार्वभौमिकता और अखंडता को चुनौती दे रहे हैं ।

आज यह प्रश्न नहीं है कि जैसा कि कुछ नेता यह कहते हैं कि हम ने मीजो हिल्स और नागा हिल्स में हथियार तो दे दिये मगर वह

भी जुल्म कर रहे हैं। अनेकों वर्षों से पिछले 10-12 और 15 वर्षों से इन भागों में नागालैंड वाले और जिसे कि नागालैंड की तथाकथित फैडरल सरकार कहा जाता है वह सरकार ट्रेनों को उड़ाती है, निरीह और इस देश की वफादार जनता को मारती है और आप कहते हैं कि साहब नागालैंड के इन नागाओं के खिलाफ़ कार्यवाही कैसे करें? एक तरफ़ तो वह लोग हैं जोकि अपने को इस देश का नागरिक नहीं मानते जो कि हिन्दुस्तान के बाहर जाना चाहते हैं और जोकि फेडरल गवर्नमेंट बनाना चाहते हैं और दूसरी तरफ़ वह जनता है जोकि कहती है कि हिन्दुस्तान हमारा देश है, शस्य श्यामला भारत भूमि हमारी है और जोकि इस देश के प्रति वफादार और निष्ठावान हैं आज उनके 85 सैकड़ा लोग मारे जाते हैं। जब आज अगर गृह मंत्रालय ने कृपा करके 150 आर्म्स दिये मनीपुर के एरिया में तो यहां तुरन्त पीस मिशन में खलबली मच जाती है। श्री जयप्रकाश नारायण, असम के चीफ़ मिनिस्टर चालिहा साहब और माइकल स्कॉट दी मोरट अनरिवरैड रैस्कल हू इज पैरेडिंग दी कंट्री यह कहते हैं कि साहब यह बड़ा अन्याय हो रहा है 150 आर्म्स आपने बांटे हैं मनीपुर में। आज वहां मनीपुर की जनता ने एक वालिंटियर फोर्स बनाई है क्योंकि वह आज वर्षों से शोषित और शासित है और उस के ऊपर जुल्म हो रहा है। हालत यह पहुंच चुकी है कि ऐसा एक भी कांग्रेस का कैंडीडेट जिन्दा नहीं बचा है जिसने कि पिछली बार कांग्रेस टिकट पर चुनाव कंटैस्ट किया हो। मनीपुर में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ने वाला एक भी उम्मीदवार आज जिन्दा नहीं है। सभी को मार दिया गया है। श्री रिशांग किशिंग अब कांग्रेस में आये हैं। वह उस समय कांग्रेस में नहीं थे इसलिए वह अब तक बच गये हैं। लेकिन प्रश्न यह है कि इस गवर्नमेंट में कोई नेतृत्व, कोई लीडरशिप, चाहे वह गृहमंत्री की हो, चाहे रक्षा मंत्री की हो या प्रधान मंत्री की हो, अगर हम उन लोगों को हथियार न दें जोकि इस देश के प्रति वफादार हैं और ईमानदार हैं ताकि वह ऐसे अराजक और अराष्ट्रीय तत्वों को चुनौती दे सकें जो कि इस देश की सार्वभौमिकता को खंडित करना चाहते हैं तो मैं समझता हूं कि वह इस पार्लियामेंट की और इस देश की सही नीति का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। इसलिए मैं आप से निवेदन करता हूं कि आप अपनी इस नीति को चलाइये। हम आप की इस नीति का समर्थन करते हैं जोकि आप मिजो हिल्स के बारे में अब चला रहे हैं। साथ ही साथ हम यह चाहते हैं जैसा कि हमारे और मित्रों ने कहा कि जो उन की जायज मांगें हैं उन मांगों पर सरकार द्वारा विचार किया जाय। लेकिन मैं खांडिलकर साहब के इस विचार और सुझाव का कदापि समर्थन नहीं कर सकता जो कि उन्होंने कहा कि लालडेंगा के साथ बुला कर बातचीत करनी चाहिए। जो आदमी इस देश को अपना देश नहीं मानता है जो इस की सार्वभौमिकता को नहीं मानता उसे बुला कर हम बातचीत करें यह चीज मेरे गले के नीचे नहीं उतर सकती। जो सो-कोल्ड फैडरल गवर्नमेंट नागालैंड की है वहां के होम मिनिस्टर ने श्रीमती इंदिरा गांधी को तार दिया है कि उनका ट्रेन उड़ाने से कोई सम्बन्ध नहीं। लेकिन मेरा कहना है कि उनके इस कथन पर कोई भी विश्वास नहीं करेगा। इस देश का हर आदमी और इस हाउस का हर आदमी विश्वास करता है कि यह जो ट्रेनें उड़ायी जा रही हैं, विस्फोट हो रहे हैं वह नागा विद्रोही कर रहे हैं। कहिये यह बात सच है या नहीं?

कई माननीय सदस्य : सच है।

श्री भागवत झा आजाद : अगर यह बात सच है तो उन को सबूत देना होगा कि वह यह नहीं करते हैं। यह नहीं कि मैं इनक्वायरी करा रहा हूं और मैं देख रहा हूं और तबतक इस देश की निरीह जनता मारी जाय इसलिए आप ऐसे तमाम तत्वों के खिलाफ जो कि देश की अखंडता को नष्ट करना चहते हैं और जोकि इस देश को अपना नहीं मानते और

[श्री भगवत झा आजाद]

तोड़फोड़ आदि की कार्यवाहियां कर रहे हैं उनके खिलाफ़ सख्त कार्यवाही कीजिये।

इसके बाद मैं यह कहूंगा कि आज इस बात की आवश्यकता है कि इस देश के कुछ भागों में अभी आपातकालीन स्थिति और सुरक्षा कानून रक्खे जायें। मैंने बराबर आपने देखा होगा कि कांग्रेस पार्टी के अन्दर और एक्जीक्यूटिव कमेटी में इस बात पर जोर दिया है कि इमरजेंसी को हटाया जाय। हमने इस बात पर जोर दिया है कि भारतीय सुरक्षा कानून को हटाया जाय। हम यह जानते हैं कि यह दो नियम संकटकालीन स्थिति और भारतीय सुरक्षा कानून यह ऐसे अस्त्र सरकार के तरकस में हैं जिनको कि वह उस समय प्रयोग करेगी जिस समय देश पर बाहरी आक्रमण होता। जब पिछली बार चीन का आक्रमण हुआ था उस समय यह संकटकालीन स्थिति की घोषणा की गई थी और भारतीय सुरक्षा कानून लगाये गये थे। देश के किसी भाग में कहीं की जनता ने भी इस के खिलाफ आवाज नहीं उठाई बल्कि इस संकटकालीन स्थिति में इस सुरक्षा कानून के अन्तर्गत जो भी कदम उठाये उसका हमने जोरदार समर्थन किया। उसके बाद पाकिस्तान का आक्रमण आया। आज हम इस आपातकालीन स्थिति को, इस इमरजेंसी को समाप्त करने का समर्थन करते हैं लेकिन उसी के साथ यह भी आवश्यक समझते हैं कि कुछ सीमा के प्रान्तों में जैसे जम्मू, काश्मीर में, नागालैंड में, मीजो हिल्स आदि जगहों में आज भी भारतीय सुरक्षा कानून की आवश्यकता है। अब मैं सर्राफ साहब को देखता हूं जो कि यह कहते हैं कि जम्मू काश्मीर में भारतीय सुरक्षा कानून का प्रयोग अपने राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ किया गया है, राजनीतिक स्वार्थ के लिये किया गया है तो मेरा कहना है कि वह किसी के भी खिलाफ इस्तेमाल न किया जाय .....

श्री श्यामलाल सर्राफ : आज तक हुआ है।

श्री भागवत झा आजाद : लेकिन आज तक हुआ है। मैंने यह कहा कि जिस समय हमने यह कहा कि उन्हें हटाइये उस समय हमारा प्रमुख कारण यह था कि भारतीय सुरक्षा कानून का दुरुपयोग विभिन्न राज्यों में किया गया है पर इसका उपयोग भी हुआ है वामपंथी कम्युनिस्टों को लेकर उन्हें बन्द करने में। अब यह उसका सदुपयोग है। सदुपयोग इसलिए है, क्षमा करें डा० रानेन सेन, क्योंकि जब तक इस देश में ऐसे वर्ग के लोग मौजूद हैं जो कहते हैं कि चीनी साम्राज्यवाद जिसके कि खूंखार पंजे आज भारतीय भूमि की ओर, भारतीय जनता की ओर लगे हुए हैं। हमने चीन का क्या बिगाड़ा था? क्या हम ने उसके बच्चों के मुंह से रोटी छीनी थी या उसके मुल्क की दौलत छीनी थी? फिर वह हमें तबाह और बरबाद क्यों करना चाहता है? वह इसलिए कि चीन के यह साम्राज्यवादी, चीन के यह फासिस्टवादी आज इस देश के गणतन्त्र का विनाश चाहते हैं। इसलिए आवश्यकता है कि हम ऐसे तत्वों को जो कि लेफ्ट कम्युनिस्टों के नाम से विख्यात हैं इस देश में उनको बन्द करने के सारे विधान रक्खे ताकि अगर उनकी आवश्यकता महसूस हो तो वैसा किया जा सके। मैं नहीं समझता कि श्री एच० एन० मुकर्जी को इससे क्यों विरोध हो। उनको तो मैं बन्द करने के लिए नहीं कहता हूं। मैं उनको इसलिये नहीं कहता हूं क्योंकि वह कहते हैं कि वह चीन की विस्तारवादी नीति का विरोध करते हैं और इसलिए आप हमारे इस देश के बाशिन्दे हैं और आप हमारे साथ हैं। आपके खिलाफ मैं कोई कानून नहीं लगाता। उनके ऐसे लोगों के खिलाफ कोई कानून नहीं लगाया गया है .....

Dr. Ranen Sen: Have you produced any proof in the court that they were with the Chinese?

Shri A. P. Sharma: What is your difference with them?

Dr. Ranen Sen: There may be 1001 differences. What is that to Government?

श्री भागवत झा आजाद : बहुत अच्छे । मैं इनके मुंह से यह सुनना चाहता था इसलिए मैं रुक गया वरना इससे मेरी आवाज तेज उठ सकती है । मैं कह रहा था कि ठीक उन्होंने कहा कि यह मांगते हैं सबूत तो सबूत किस बात का चाहते हैं ? क्या उन्हें इस बात का सबूत दिया जाय कि सूर्य पूर्व में उदय होता है ? क्या इस बात का सबूत दिया जाय कि सूर्य पश्चिम में डूबता है ? क्या इस बात का सबूत दिया जाय कि दिन रात इन के नेता जो इस देश में बयान देते फिरते हैं कि तुम चीन से बात करो जिस चीन ने आक्रमण किया जिसने कि कोलम्बो प्रस्तावों को नहीं माना ? **(व्यवधान)**

Dr. Saradish Roy (Katwa): We are not selling the country. You are selling the country to your masters, the U.S.A.

श्री भागवत झा आजाद : बैठ जाओ । वह जो इस देश में रहते हैं और अपने को इस देश का नागरिक नहीं समझते हैं । जो इस देश को अपना देश नहीं समझते हैं । यह हिन्दुस्तानी चोले में घूमने वाले लैफ्ट कम्युनिस्ट ..... **(व्यवधान)**

उपाध्यक्ष महोदय, यह हिन्दुस्तानी चोले में घूमने वाले लैफ्ट कम्युनिस्ट ..... **(व्यवधान)**

Dr. Saradish Roy: I am coming after 16 months of detention. I challenge you to prove the accusation against us in an open court. (*Interruption*).

Mr. Deputy-Speaker: Order, order. I have been asking the Member that he should not speak like that. Unless the Member yields, he cannot go on like this.

श्री भागवत झा आजाद : उपाध्यक्ष महोदय, मैं यह कह रहा था कि हिन्दुस्तानी चोले में घूमने वाले ये लैफ्ट कम्युनिस्ट इस देश की हवा में पलते हैं, इस देश का पानी पीते हैं, इस देश की शस्य श्यामला भूमि का अन्न खाते हैं, लेकिन तराना गाते हैं चीन का । उनके नेता तमाम देश में कहते फिरते हैं कि चीन के साथ समझौता किया जाये । किस बात का समझौता ? जिसने हमारी भूमि पर कब्जा कर लिया है, जो हमारी मिट्टी पर दावा कर रहा है, जो आज लद्दाख, थागला रिज और अन्य स्थानों पर आक्रामक कार्यवाहियां कर रहा है, उसके साथ समझौता कैसे हो सकता है । **(व्यवधान)** इन लोगों को शर्म आनी चाहिए ! हिन्दुस्तान की सरकार ने इन लोगों के प्रति इतनी उदारता दिखाई है, इनको इतना मौका दिया है, लेकिन आज इनकी इतनी हिम्मत है कि ये देश में कहते फिरते है कि आक्रमणकारी चीन के साथ समझौता किया जाये । **(व्यवधान)**

इस लिए आज आवश्यकता इस बात की है कि यह संकट-कालीन कानून . . .

Shri Badrudduja (Murshidabad): Sir, I raise a point of order. Has any hon. Member of this House any right to cast a serious reflection upon the Members of a particular group in this House?

Mr. Deputy-Speaker: It cannot be a one-way traffic. If he wants to make allegations against the other party, he must be prepared to hear allegations against his party also.

श्री भागवत झा आजाद : उपाध्यक्ष महोदय, मैं अपनी कही हुई सारी बातों को वापस ले लूंगा, मैं माननीय सदस्यों से क्षमा मागूंगा, यदि वे इस सदन में उठ कर यह स्टेटमेंट दें कि वे चीन का समर्थन नहीं करते हैं । अगर आज वे उठ कर यह कह दें कि

[श्री भागवत झा आजाद]

जब तक चीन कोलम्बो प्रस्तावों को न मान ले, तब तक भारत को उससे बात नहीं करनी चाहिए, तो मैं अपने शब्द वापस ले लूंगा । क्या वे कहेंगे ? नहीं कह सकते ।

इसलिए यह आवश्यक है कि हम अपने देश में आपातकालीन कानून को तब तक रखें, जब तक इस देश में लैफ्ट कम्युनिस्ट के नाम से जीने वाले लोग हैं, जब तक नागालैंड और मिजो हिल्ज में अशान्ति है, जब तक हमारी सीमाओं पर खतरा है । लेकिन मैं एक बात श्री हाथी से कह देना चाहता हूं कि बार्डर स्टेट्स के नाम पर इन कानूनों का प्रयोग पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार और बंगाल में न किया जाये । अगर कोई सरकार—उदाहरण के लिए बिहार की सरकार या बंगाल की सरकार—संकटकालीन कानूनों और डिफेंस आफ इंडिया रूल्ज के बिना नहीं रह सकती है, तो उसको यह बात एस्टाब्लिश करनी चाहिए, लेकिन एक, दो या तीन स्टेट्स के नाम पर सम्पूर्ण देश में यह स्थिति न रखी जाये ।

Shri Shinkre: On a point of order. Will the hon. Member clarify whether the DIR will be used against some Chief Minister who says "I do not respect the authority of the President."?

Mr. Deputy-Speaker: Order, order.

श्री भागवत झा आजाद : यह बड़े खेद की बात है कि गोआ के माननीय सदस्य ऐसे पायंट आफ आर्डर उठाते हैं । यदि वह रूल्ज को जरा पढ़ लें कि पायंट आफ आर्डर क्या होता है, तो अच्छा हो । खैर, जाने दीजिए । **समटाइम्स इग्नोरेंस इज ब्लिश** ।

आज नन्दा जी ने घोषणायें की हैं, हम उन से सन्तुष्ट हैं । लेकिन हम साथ साथ यह भी चाहते हैं कि वह सुरक्षा कानून को सिवाय इन तीन भूभागों के—नागालैंड, मिजो हिल्ज और जम्मू-काश्मीर—और कहीं न रखें । यदि उनके विचार में संकटकालीन स्थिति को देश के किसी भाग में, **इन ए पार्ट आफ दि कन्ट्री**, नहीं लागू किया जा सकता है, तो वह संविधान में संशोधन कर के यह व्यवस्था करें कि अगर सम्पूर्ण देश में नहीं, बल्कि देश के किसी भूभाग में आवश्यकता हो, तो वहां पर संकटकालीन स्थिति को लागू किया जाये । सरकार संविधान में यह संशोधन करे कि अगर इमरजेंसी की आवश्यकता सिर्फ नागालैंड, मिजो हिल्ज या और किसी क्षेत्र में है, तो केवल उसी क्षेत्र में इमरजेंसी रहे । चूंकि संविधान के अनुसार देश के किसी भाग में इमरजेंसी लागू करना संभव नहीं है, इसलिए सम्पूर्ण देश में इमरजेंसी रहे, यह बिल्कुल गलत है ।

इस सम्बन्ध में सब से बड़ी बात गृह मंत्री जी ने स्वयं कही है—यह कि आज देश में वह क्लाईमेट नहीं है, वह अवस्था और वातावरण नहीं है कि इन सुरक्षा कानूनों का प्रयोग किया जाये । आखिर देश में इमर्जेंसी साधारणतः तो नहीं रह सकती है । हमारे देश में आपातकालीन स्थिति है, क्योंकि चीन के आक्रमण का खतरा है, वह हमारे भूभाग पर बैठा हुआ है, ताशकन्द समझौते के बाद पाकिस्तान ने युद्ध की तैयारियां की हैं, लेकिन फिर भी आपातकालीन स्थिति और सुरक्षा कानून को अवश्यम्भावी रूप में हटा दिया जाये । अगर देश में फिर से वास्तव में एक्टिव रूप में खतरा हो—पैसिव रूप में तो वह है ही—, तो फिर एक घंटे के अन्दर-अन्दर इमर्जेंसी और सुरक्षा कानून को लागू कर दिया जाये । लेकिन इस समय इन दोनों को हटा दिया जाये और इसके लिये संविधान में समुचित परिवर्तन किया जाये ।

अब मैं इस देश की शासन व्यवस्था के बारे में कुछ शब्द कहना चाहता हूं । मैं अपनी तरफ से कोई बात नहीं कहना चाहता हूं । मैं

गृह मंत्री जी का ध्यान श्री भूवलिंगम् के आज से तीन दिन पहले अहमदाबाद में दिए गए स्टेटमेंट और उनके चंडीगढ़ के स्टेटमेंट की तरफ़ दिलाना चाहता हूं । इस देश के सभी नेता यह कहते हैं कि देश में समाजवादी समाज की स्थापना के लिए यह आवश्यक है कि यहां पर उसके अनुकूल शासन व्यवस्था हो । और शासन व्यवस्था के माने सिर्फ ये बड़े बड़े अधिकारीगण नहीं हैं, बल्कि उसमें मिनिस्टर्ज से प्रारम्भ करके नीचे तक के हर एक आदमी को लेता हूं ।

आज यह कहा जाता है कि इस शासन व्यवस्था में सुधार किया जाये । मैं निवेदन करना चाहता हूं कि मैं अपने क्षेत्र में घूमता हूं, लेकिन आज इस देश की शासन व्यवस्था की जो स्थिति है, उसमें मैं अपने क्षेत्र के एक आदमी का भी कोई काम नहीं करा सकता हूं । उदाहरण के लिए आप एक डिस्ट्रिक्ट मैजिस्ट्रेट के दैनिक जीवन को लीजिए । वह सुबह से लेकर रात तक काम करता है । आप देखिये कि उसमें कितना फाइल वर्क होता है और कितना जनता से सम्बन्धित कार्य होता है । अगर मैं किसी अधिकारी के बारे में श्री हाथी को एक दरख्वास्त भेजूं, तो वह उसको सेक्रेटरी को एनडार्स कर देंगे। सेक्रेटरी उस दरख्वास्त को बिहार के चीफ सेक्रेटरी को एनडार्स कर देगा । उसके बाद चीफ सेक्रेटरी, बिहार मेरी उस दरख्वास्त को डिस्ट्रिक्ट मैजिस्ट्रेट को और डिस्ट्रिक्ट मैजिस्ट्रेट एस० डी० ओ० को एनडार्स कर देगा और अन्त में मेरी वह दरख्वास्त उसी व्यक्ति के पास जायगी, जिसके खिलाफ मैंने शिकायत की थी ।

इस शासन व्यवस्था में आमूल परिवर्तन करने की आवश्यकता है । नन्दा जी ने भ्रष्टाचार को दूर करने के लिए सराहनीय कार्य इसलिए किया कि वह ईमानदारी और सच्चाई से भ्रष्टाचार का उन्मूलन करना चाहते हैं, लेकिन इस शासन व्यवस्था ने उनको आगे नहीं चलने दिया । मैं उनसे पूछता हूं कि इस इमजन्सी और इन डिफेंस आफ़ इंडिया रूल्ज के सम्बन्ध में उनके अफ़सरों की क्या राय है । नन्दा जी ने हिम्मत करके एक पोलीटिकल डिसिज़न लिया और श्रीमती इन्दिरा गांधी ने हिम्मत से काम लिया, वर्ना मैं जानता हूं कि जो लोग आज इस देश में शासन चला रहे हैं, वे बिना डिफेंस आफ इंडिया रूल्ज के काम नहीं चला सकते हैं । चाहे प्लानिंग को इम्प्लीमेंट करने का प्रश्न हो, चाहे शासन को चलाने का प्रश्न हो और चाहे देश की राजभाषा या राष्ट्रभाषा को बढ़ाने का मामला हो, कहीं भी शासन वह दक्षता और निपुणता नहीं दिखा रहा है, जिसकी आवश्यकता थी ।

आज विदेशों से, अमरीका से, कर्ज मांग कर हजार करोड़ रुपये यहां लाए जाते हैं—हालांकि हमारे सिर पर जो यह हजार करोड़ रुपये का कर्ज लद रहा है, वह हमें आर्थिक गुलामी का प्रतीक मालूम होता है—और उसमें से करीब दो सौ करोड़ रुपये सम्भवतः जनता की भलाई के लिए खर्च किये जायें, लेकिन उस रकम का अधिकांश भाग उन अफ़सरों, उन राजनीतिज्ञों और उन कंट्रेक्टर्ज की जेब में जाता है, जो इस देश के सब से बड़े असामाजिक तत्व हैं और जिनके विरुद्ध डिफेंस आफ़ इंडिया रूल्ज काम में लाये जाने चाहिएं ।

गृह मंत्रालय ने कार्य किया है, यह प्रसन्नता की बात है । वास्तव में आज जो स्थिति है, वह अफ़सोस की बात है, लेकिन मैंने प्रसन्नता की बात इसलिए कही है कि नन्दा जी को हिम्मत हो रही है, उन पर प्रधान मंत्री, श्री जवाहरलाल नेहरू, जैसे बड़े आदमी की छाया नहीं है और वह गृह मंत्री का काम कर रहे हैं । हम उनकी सफलता चाहते हैं, लेकिन हम साथ साथ यह भी चाहते हैं कि इमर्जेन्सी और डिफेंस आफ इंडिया रूल्ज को हटा दिया जाय । मिज़ा

[श्री भागवत झा आजाद]

हिल्ज और नागालैंड में उनकी जो नीति है, उसको ज़ोरदार ढंग से चलाया जाये । हम उन के साथ हैं । इसके साथ ही वह इस देश की शासन व्यवस्था में भी सुधार करें । सरकार ने एडमिनिस्ट्रेटिव रिफ़ार्म्ज़ कमीशन, बनाया है, लेकिन ऐसी बहुत सी बातें हैं जो सरकार सिर्फ़ एडमिनिस्ट्रेटिव आर्डर्ज से ही कर सकती है । इसलिये मैं कहूंगा कि आज देश में आन्तरिक सुरक्षा के लिये, देश को बाहरी आक्रमण से बचाने के लिये आवश्यक है कि गृह मंत्रालय इन बातों पर ध्यान दे और इन पर वैधानिक कार्यवाही करें ।

श्री लक्ष्मी दास (मरयालगुडा) : उपाध्यक्ष महोदय, आज जब हम होम अफयर्स की डिमाण्ड पर गौर कर रहे हैं तो इसकी पिछली जो कार्यवाईयां हैं उन पर भी गौर करना जरूरी है । दरअसल होम मिनिस्ट्री का काम ला एण्ड आर्डर को मेन्टन करना है, देश की तमाम जनता को बराबरी और इन्सानियत की नजर से देखना चाहिये, लेकिन मुझ अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि यह होम डिपार्टमेंट सिर्फ अपनी पार्टी की हित नीतियों के लिये, उनके बचाव के लिये ही काम करता रहा ह और दूसरी जितनी भी अपोजीशन पार्टीज हैं उनको दबाने की कोशिश इस डिपार्टमेंट की तरफ़ से की गई है, इसकी ऐसी पालिसी रही है । न सिर्फ यह पौलिसी रही है, बल्कि अपोजीशन-अपोजीशन को एक दूसरे के खिलाफ़ उकसाने का तरीका इसने अख्तियार किया है ।

जब हम देखते हैं कि 1962 ईसवी में जब चाइना के बार्डर पर यह संघर्ष हुआ, उस वक्त से इसने कम्युनिस्ट पार्टी पर हमला करना शुरू कर दिया, यही नहीं, बल्कि उसके खिलाफ दूसरी तमाम अपोजीशन पार्टीज में जहर फैलाया, जिस तरह से अंग्रेज डिवाइड एण्ड रूल की पालिसी का तरीका अख्तियार करते थे, वही तरीका अख्तियार किया और इस डी० आई० आर० को ला एण्ड आर्डर के लिये नहीं, बल्कि गवर्नमेंट को, कांग्रेस को बचाने के लिये उपयोग किया । यदि हम इस डी० आई० आर० रूल को देखते हैं तो मैं जानना चाहता हूं कि कितने ऐसे लोगों को गिरफ्तार किया गया जो हमारे देश के खिलाफ़ थे, जो हमारे देश के अवाम के हित के खिलाफ़ थे, जो लुटरे थे, जो दिन दहाड़े लूटते हैं, उनके खिलाफ़ इसको इस्तैमाल किया गया । हम यही देखते हैं कि गवर्नमेंट ने इस रूल को अपने बचाव की खातिर और अपोजीशन पर हमला करने के लिये ही इस्तेमाल किया । इससे क्या हुआ ? न सिर्फ एक पार्टी, बल्कि तमाम अपोजीशन पार्टियों पर हमला करके उन्होंने हजारों लोगों को एरेस्ट किया । 1964 ई० में कम्युनिस्ट पार्टी के एक हजार आदमियों को गिरफ्तार करके जेलों में रखा । उसके बाद नन्दा जी ने एक श्वेत-पत्र व्हाइट पेपर निकाला, जिससे साफ़ ज़ाहिर होता हैं कि इनके पास जो भी इन्फर्मेशन आती है, वह सब सेण्ट्रल इन्टैलीजेन्शिया की तरफ़ से आती है, जो शायद झूठ खबर देने के लिये हैं । जो उनमें में से एक भी इल्जाम को प्रूव नहीं कर सकी । हमारे लोगों ने कहा था, कि अगर हम देशद्रोही हैं, चाइना के हमदर्द हैं तो आप कोर्ट में हम को पेश कीजिये, हम को ट्रायल कीजिये ताकि मालूम हो सके कि दरअसल हम देशद्रोही हैं या वे देशद्रोही हैं जो दरअसल अवाम को लूटते हैं और अवाम को लूट-खसोट कर करोड़पति बनते हैं । इसके पीछे क्या है ? तब साफ़ पता चलेगा कि यह सेण्ट्रल इन्टलीजेंन्शिया, जिसको तकरीबन सालाना पांच करोड़ रुपया देकर पाल रहे हैं, क्या काम करती हैं । हजारों आदमियों को, पब्लिक लीडर और वर्कर को गिरफ्तार किया जाता है, लेकिन कहीं नाम को भी ब्लैक मार्केट करने वाला नहीं पकड़ा जाता । मुझ से पहले अभी डा० सेन ने जिन लोगों का

जिक्र किया, उन करप्शन करने वालों को नहीं पकड़ा जाता ।

एक तरफ़ डेमोक्रेसी का ढोंग रचते हैं, दूसरी तरफ़ डेमोक्रेटिक सोशलिज्म लाने की बात करते हैं । जब डेमोक्रेसी ही इस देश में नहीं है तो डेमोक्रेटिक सोशलिज्म की बातें करना महज एक फजल बात है, क्योंकि इस को डेमोक्रेसी नहीं कहा जा सकता, यह तो अपोजीशन को खत्म करने की बात हो रही है । यदि डेमोक्रेसी है तो नजरबन्दियों को ट्रायल करके उनको सजा दें । उसके बजाय अपोजीशन को क्रश करने के लिये न सिर्फ हम पर हथियार चले, बल्कि वैसे ही जनसंघ पर, स्वतन्त्र पार्टी पर, वैसे ही दूसरी पार्टियों पर डी० आई० आर० हथियार इस्तेमाल किये गये, यह कैसे चल सकता है, यह डेमोक्रेसी कैसे रह सकती है जिसमें अपोजीशन को क्रश करके वह सिर्फ अपने आपको बाकी रखना चाहते हैं । लेकिन आज आप इस बात को सोच लें, कि जो बात आज है, वह कल नहीं रहेगी, कल डी० आई० आर० के खिलाफ़ हम देखते हैं कि सिर्फ अकेली कम्युनिस्ट पार्टी ही थी, लेकिन आज तमाम अपोजीशन पार्टीज डी० आई० आर० के खिलाफ़ है और न सिर्फ अपोजीशन के ही लोग एमरजैन्सी के खिलाफ़ हैं बल्कि कांग्रेस के अन्दर भी वह चीज पैदा हो गई है कि अब यह जो एमरजेन्सी है, और डी० आई० आर० है, यह एक ऐसा मुर्दा है जिसको अभी दफ़न करना चाहिये, लेकिन हम देखते हैं कि हमारी होम मिनिस्ट्री उस मुर्दे को अपने कधों पर लेकर और चन्द रोज तक बनाये रखने के लिये सोच रही है यह बड़े अफसोस की बात है । मैं चाहता हूं कि मिनिस्ट्री इस को जल्द से जल्द खत्म करे, और इस एमरजेन्सी को भी खत्म करे ।

Before I sit down, I would particularly like to draw the attention of the Minister of State to the question of appointment of Judges. I particularly mention judges because they are the custodians of our democracy. They are a very important limb. I have had serious grievances regarding the apointment of Judges. My hon. friend wrote to me asking what suggestions I had to make, what I thought were the lapses. I will not mention them, but I have sent him a very clear-cut letter. I hope what I have written to him will be borne out by the facts.

It is time that they took into consideration how these Judges are appointed. They need not dilate upon the entire procedure, as to how foolproof their procedure is. The proof of the pudding lies in the eating of it. We have found that appointments are made on considerations which are not the considerations which should weigh with the authorities but are extraneous considerations. I hope the hon.. Minister will take this into account and do the needful.

श्री यशपाल सिंह (कैराना) : सभापति महोदय, हमारे माननीय हाथी साहब और माननीय नन्दा साहब भी सनातन धर्मी हैं । इसलिये मैं सनातन धर्म के मातहत उनको यह सलाह देता हूं कि जब बेटी जवान हो जाय तो उसे कुंआरी रखना पाप है । यह शांति की नीति अट्ठारह साल की जवान हो चुकी है । इस को कुंआरी रखना बहुत बड़ा पाप है । उस को घर में रखना नहीं चाहिये । उस की शादी कीजिये दंड के साथ । धर्मशास्त्र में लिखा है कि :

"दण्ड: शास्तिप्रजा सर्वा
दण्ड एवा भि रक्षति" ।

उस का विवाह दंड के साथ होगा तब यह भारत देश चलेगा । अगर शांति कुंआरी घर में बैठी रहीं तो इस का पाप उस के पिता, उस के बनाने वाले को लगेगा । आज यह 45 करोड़ का देश है । शांति शांति शांति करते हुए यह हालत हो गई है कि एक एक दाने को हम मोहताज हैं, एक एक राइफल के लिये मोहताज है. एक एक शस्त्र के लिये हम दूसरों के सामने हाथ पसारते हैं । 20 लाख की आबादी वाला देश डेनमार्क है लेकिन डेनमार्क से हमारे लिये भीख आ रही है, 52 लाख की अबादी है हालैंड की और वहां से हमारे लिये सहायता आ रही है । कोई सुनेगा, कोई देखेगा आइन्दा का हिस्टोरियन तो वह क्या कहेगा । सरकार को मेरी यह सलाह है और उस को इसे गांठ बांध लेना चाहिये कि अट्ठारह साल में जो कुछ उस ने किया है, उस का नतीजा पराजय हुआ, शिकस्त हुआ, डिफीट हुआ । उस का नतीजा दूसरों से हमारी पिटाई हुआ । इस लिये सरकार इस बात को गांठ बांध ले कि शांति शांति की नीति अब चलने वाली नहीं है । उस के साथ दंड का विधान आप को करना पड़ेगा :

"दण्ड: शास्तिप्रजा सर्वा दण्ड एवाभि रक्षती ।
दण: सुप्तेषु जागार्ति दण्ड धर्म विदुर्बुधा ::।"

जो कुछ इस सरकार ने अट्ठारह सालो में किया है उस को वह भूल जाये । आज मैं यह नहीं कहता कि कुछ हुआ ही नहीं है । हुआ बहुत काफी है । नन्दा साहब ने वह काम करके दिखलाया है जिस का कोई खयाल भी नहीं कर सकता, कोई खयाल नहीं कर सकता जिस तरह से उन्होंने करप्शन के खिलाफ आवाज उठाई, कोई सोच नहीं सकता था कि जो बड़े बड़े

स्तम्भ हैं, जिन से दुनिया डरती थी, उन को अलग कर दिया जायेगा, उन के ऊपर बाकायदा केस चलेगा और उन से जवाब तलब किया जायेगा ।

15.17 hrs.

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

काम बहुत हुआ है, लेकिन अभी बहुत कुछ करना बाकी है । जो कुछ किया गया है उस में और भी कुछ किया जायेगा, तब देश का उद्धार होगा । चूंकि हम लोग सच्चे सलाहकार हैं इसलिये कहते हैं लफ्ज मुखालिफ का इंग्लैंड का दिया हुआ है, पश्चिम का दिया हुआ है । मैं मुखालिफत को नहीं मानता हूं । हम आपके हितैषी हैं ।

"पुरुषाः बहवो राजन् सततं प्रियावादिनः ।
अप्रियस्य तु पथ्यस्य वक्ता श्रोता च दुर्लभः ।।"

हम आपके हितैषी हैं, हम आप को नेक राह दिखलायेंगे ।

जब तक एक शख्श को तन्ख्वाह 22 रु० माहवार मिलती है, वह ईमानदार नहीं रह सकता है और जब तक दूसरे शख्स को तन्ख्वाह मिलती है 20,000 रु० माहवार, वह भी ईमानदार नहीं रह सकता क्योंकि जिस को 2,000 रु० मिलते हैं वह अय्यासी करेगा और जिस को 22 रु० मिलते हैं वह कहीं न कहीं जाकर करप्शन करेगा । जब समानता आयेगी और विषमता हटेगी तभी लोगों में ईमानदारी आ सकती है । मैं कराची कांग्रेस में शामिल था, मैं भी पहले उस धड़ में शामिल था, लेकिन सन् 1947 की 15 अगस्त की रात को मैं उन से अलग हो गया क्योंकि उन्होंने बादशाह खान से धोखा किया... (**व्यवधान**) उस वक्त कराची कांग्रेस ने पास किया था कि बड़ी से बड़ी तन्ख्वाह हिन्दुस्तान में 500 रु० माहवार होगी । आज शायद माननीय श्री हाथी को पता होगा कि यू० पी० के अन्दर तीन लाख सरकारी कर्मचारियों को पांच रुपये माहवार मिलते हैं । क्या पांच रुपये माहवार में कोई इन्सान जिन्दा रह सकता है, क्या मनुष्य इतने में आज अपनी जिन्दगी चला सकता है । हर्गिज नहीं, वह अपनी जिन्दगी इतने में नहीं चला सकता आज देश के अन्दर सब से बड़ी आवश्यकता है समानता आये । चालीस बीघे के काश्तकार को जालिम जमीदार कह कर खत्म किया, 30 बीघे के काश्तकार को जालिम जमीदार कह कर खत्म किया गया और टाटा साहब को खुली छुट्टी दी गई कि वह चार लाख रुपये रोजाना बैंक में जमा कर सकते हैं यह विषमता आप को हटानी होगी । जिस तरह से आप ने रूरल प्रापर्टी के ऊपर सीलिंग की है उसी तरह से आपको यहां के शहरों के अन्दर भी प्रापर्टी की सीलिंग करनी होगी ।

इस के साथ साथ मैं कहना चाहता हूं कि अगर आप को देश को बचाना है, अगर देश को बनाना है तो आप को बुद्धि से काम लेना होगा । यह बड़े शर्म की बात है कि मुट्ठी भर नागो लोग हमारी शांति को भंग कर सकते हैं, मुट्ठी भर मीजो लोग हमारी शांति और व्यवस्था को भंग कर सकते हैं ।

"शेते करी मशकपाद विपादिकायाम्"

यह नीति में लिखा हुआ है कि जब देश का दुर्भाग्य होता है तो मच्छर हाथी को धमकी देने लगता है, हाथी को धमकी देने वाला मच्छर होता है । इसलिये आप इस पालिसी को रिवाइज कीजिये । **इट इज नेवर टू लेट टु मेन्ड** । कोई जरूरी नहीं है कि अब तक आपने गलती की है तो आइन्दा भी गलती करते चले जांये । महात्मा गांधी ने कहा था कि सत्य की रोशनी में मैं अपनी गलती को हर वक्त वापस लेने को तैयार हूं, गलती का सुधार करने के लिये तैयार हूं । इस देश के बच्चों से बड़े बड़े शेर थर्राया करते थे और उसी देश को मुट्ठी भर नागा लोग और मीजो लोग परेशान करें । वह दूसरे देशों से इंस्ट्रक्शन्स ल, दूसरे देशों के पादरी आ कर इस देश के अदर मध्यस्थता करें । यह चीज आज बन्द करनी होगी ।

[श्री यशपाल सिंह]

मगर आप उन लोगों को बुला कर राष्ट्रपति भवन में दावत देते हैं, नागालैंड के होस्टाइल नागा लोगों को बुला कर श्रीमती इन्दिरा गांधी अपने यहां दावत देती हैं। जिन लोगों को आप दावत देते हैं उन के ही आदमी हमारी रेलें उखाड़ते हैं। हमारे जवानों की किरचें उड़ाते हैं और हमारे पचास, सौ रेल के मुसाफिरों को बिना किसी कसूर के मारा जाता है। इस पालिसी पर आप दुबारा गौर करें। सब से जरूरी बात यह है कि देश में समानता आये, जब तक समाज में विषमता है, जब तक लाखों लोग लैंडलैस फिरते हैं, बेरोजगार फिरते हैं तब तक आप का काम नहीं चल सकता है। लाखों लोग बेरोजगारी की धुन में कहीं खुद कशी करने की सोच रहे हैं और कहीं विदेशियों के साथ भागने की कोशिश कर रहे हैं। जब तक ऐसा होगा तब तक देश की आर्थिक व्यवस्था ठीक नहीं हो सकती। काम बड़ा आसान है, लेकिन आप ने मुश्किल बनाया हुआ है। इतना आसान काम है कि अगर हम तीन महीने भी अच्छी तरह सोचें तो यह मामला हल हो सकता है। जब छोटे छोटे मुल्क अपनी आजादी की रक्षा कर सकते हैं, अपनी समानता को कायम रख सकते हैं, तो 45 करोड़ आदमियों का यह देश है, यह क्यों अपने यहां समानता की रक्षा नहीं कर सकता। सब से बड़ी जरूरत आज इस बात की है कि मेहनत करने वालों को आगे लाया जाये। मेहनत करने वालों का सम्मान आज देश में नहीं है, जो अपना खून पसीना एक करते हैं उन का कोई सम्मान देश के अन्दर नहीं है। जो लोग लाखों रुपये ब्लैक से कमाते हैं उन का सम्मान होता है। अब भी हमारी सोसायटी के अन्दर धोबी को नीच इस लिये कहा जाता है कि वह कपड़े साफ करता है। यह कौन सा इन्साफ है कि कपड़े मैल करने वाला ऊंच और कपड़े साफ करने वाला नीच। आप भंगी को नीच क्यों कहते हैं। जो टट्टी साफ करता है, पाखाना साफ करता है, जो सफाई करता है वह नीच और जो रात भर गन्दे करता है वह ऊंच। चमार को नीच क्यों कहा जाता है कि वह हल चलाता है। जो पड़े पड़े खा रहे हैं, हरामखोरी कर रहे हैं उनको ऊंच कहा जाता है और जो अपनी मेहनत की कमाई से देश का पेट भरते हैं उनको नीच कहा जाता है। भगवान श्री कृष्ण जी, करोड़ों हिन्दू जिनको अपना हृदय सम्राट कहते हैं, उनकी सबसे बड़ी नीति यही थी उन्होंने कहा था कि :

सेवाधर्मः परम गहनो योगिनामप्यगम्य।

सबसे बड़ा धर्म है सेवा का। जब राजसूय यज्ञ में ड्यूटी तकसीम की गई किसी ने घोड़े की ड्यूटी ली, किसी ने फलों की ड्यूटी ली, लेकिन नयनानन्द गोविन्द माधव मुकन्द आनन्दकन्द श्रीकृष्ण भगवान ने ड्यूटी ली लोगों के पैर धुलाने की कि जो लोग बाहर से आयेंगे उनके मल मल कर पैर धोऊंगा, उनकी सेवा करूंगा। जब तक सेवा करने वाले लोग आगे नहीं आयेंगे देश नहीं बच सकता। आज भी देश के कोने कोने में सच्चे गांधी वादी बैठे हुए हैं, हरएक तहसील में हरएक शहर में, हरएक नगर में, जिन्होंने देश के लिये अपने प्राण देने की बाजी लगायी, जिन्होंने अपने बीबी बच्चों को छोड़ा जिन्होंने अपनी जायदाद नीलाम करवाई, लेकिन उनकी पहुंच यहां हीं हो सकती है। न उनको टिकट मिलता है, न उनके पास बढ़िया कारें हैं न बढ़िया फाउन्टेन पेन है, न बढ़िया घड़ियां हैं, न वह यहां पर आकर अपनी किसी तरह की पहुंच कर सकते हैं। अगर उनके हाथ में बागडोर होती जो कि सच्चे गान्धीवादी थे तो आज करप्शन का नाम भी न होता। किसी देश के अन्दर आप मुझे बतलाइए, उपाध्यक्ष महोदय, कोई देश ऐसा है कि जहां असमानता का व्यवहार किया जाता हो? कोई देश ऐसा नहीं है। यहां एम० पी० के लेक्चर्स को सी० आई० डी० नोट करते हैं एकतरफ कहते हैं कि यह जनता के प्रतिनिधि हैं, एक तरफ कहते हैं, कि यह लोग जनता के सच्चे सेवक हैं, इनको जनता ने अपना रेप्रेजेन्टेटिव बना कर

भेजा है और दूसरी तरफ उनके लेक्चर को सी० आई० डी० नोट करते हैं । सी० आई० डी० और पुलिस वाले नोट करते हैं मशकूक चलन लोगों के भाषणों को । आज भी हजारों आदमी इसलिए तंग किये जाते हैं कि वह माइनरिटी कम्यूनिटी के हैं । वह इसलिए तंग किये जाते हैं कि हिन्दू मेजारिटी के साथ उनका ताल्लुक नहीं है । मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि कौन सा स्कूल आपने खोला है, कौन सा कालेज आपने खोला है जहां कि सेक्युलरिज्म की शिक्षा दी जाय, जहां बताया जाय कि देश के 45 करोड़ बाशिन्दे भाई भाई हैं ? मैं ऐसे लोगों को जानता हूं जिन्होंने कांग्रेस में सर्वस्व न्यौछावर किया । ऐसे मुसलमानों को जानता हूं जिन्होंने नेशनलिज्म के लिए अपना सब कुछ कुर्बान किया, लेकिन आज उनको भी मशकूक चलन समझा जाता है, इसलिए कि कोई तरीका सेक्युलरिज्म का नहीं है । मैं उस सेक्युलरिज्म का हामी हूं, मेरे दादा थे महाराणा प्रताप, महाराणा प्रताप ने जब मेवाड़ की रक्षा का व्रत लिया तो उनका सिपहसालार आजम था हाकिम खां, एक मुसलमान । उनका जनरल, उनका प्रधान सेनापति हाकिम खां एक मुसलमान था । जिस वक्त जिले के ऊपर हमला हुआ, हाकिम खां सीना निकाल कर खड़े हो गए, मेरे रहते, मेरे जिले के ऊपर कोई फतह नहीं कर सकता है, मेरी मातृ भूमि को कोई फतह नहीं कर सकता । दुश्मन ने उनकी छाती को बल्लम से चीर डाला । वहीं उनके प्राण चले गए । आज भी उनका पाक मजार वहां बना हुआ है, बसन्त पंचमी के दिन लाखों राजस्थानी वहां जाकर श्रद्धा के फूल चढ़ाते हैं । हम उस सेक्युलरिज्म को कायम करना चाहते हैं जिसके लिए नेताजी सुभाष चन्द्र बोस खड़े थे, जिसके लिए महात्मा गांधी खड़े थे, जिसके लिए मौलाना हुसेन अहमद मदनी और मौलाना रहमतुल्ला खड़े थे, हम उस सेक्युलरिज्म को कायम करना चाहते हैं । कोई स्कूल, कोई कालेज, कोई कैम्प ऐसा आपने बनाया है जिसमें यह शिक्षा दी जाती हो कि 45 करोड़ लोगों को भाई भाई की तरह से रहना चाहिए 45 करोड़ लोग भाई बहन की तरह से रहें । आज आप इस नजरिये को बदल दीजिएगा । 45 करोड़ को एक दृष्टि से देखियेगा । एक नजर से आप उनको देखियेगा तो आपका देश बचेगा पार्टीबाजी से उपर उठकर जरा देखियेगा मैं आपको फिर याद दिलाता हूं, एक मनीषी ने यह बात कही है :

One party system of government is not only not democratic but it strikes at the very root of democracy.

अगर डेमोक्रेसी को कायम करना है तो आपको नेशनल गवर्मेंट बनानी पड़ेगी देश के इत्तिहाद को कायम करने के लिए देश के लोगों में से काबिल लोगों को छांटना पड़ेगा । यही नहीं है कि काबलियत का आपने ही ठेका लिया है । काबिल दूसरे लोग भी हैं । महात्मा गान्धी ने काबिल लोगों को लिया था चाहे वह किसी पार्टी के हों । आप लोगों को भी वही फीचर आज अख्तियार करना पड़ेगा मुझे इसलिए कहना पड़ता है कि नन्दा जी से मुझे आशा है क्योंकि वह एक ऐसे शख्स हैं कि जो गाड फीयरिंग हैं, जो गाड एबाडिंग हैं, जो धर्म को मानने वाले हैं । वह देश की तरक्की चाहते हैं जिन्होंने अपना सब कुछ छोड़ दिया है जिसको मुश्किल से पाव भर खाना नहीं मिलता है जिसको मुश्किल से डेढ़ घंटे भी नींद नहीं आती है . . (व्यवधान) . . मैं गलत किसी की तारीफ नहीं कर सकता हूं । मैं हमेशा तारीफ करता हूं सच्चे आदमी की क्योंकि मेरा धर्मशास्त्र कहता है कि :

निन्दन्तु नीति निपुणाः यदि वा स्तुवन्तु ।
लक्ष्मी समाविशतु गच्छतु वा यथेष्टम ।।
अद्यैव वा मरणमस्तु युगान्तरे वा ।
न्याय्यात्पथः प्रविचलन्ति पदं न धीराः ।।

हमें यहां जनता ने चुन कर के भेजा है मुझे किसी पार्टी ने नहीं भेजा । मैं यह बैलों की जोड़ी के प्रताप से नहीं आया हूं, मैं किसी पार्टी के प्रताप से नहीं आया हूं। मुझे जनता ने भेजा है, 14 लाख इन्सानों के दिल दिलद्रिमाग ने मुझे भेजा है, हैवानों की जोड़ी ने मुझे नहीं भेजा

[श्री यशपाल सिंह]

है । मैं जिसे सच समझता हूं वही बात आपके सामने कहता हूं । आज भी जरूरत इस बात की है, देहात के अन्दर जाकर के आप देखें, जो लोग देश के लिए लड़ना चाहते हैं, उनके लिए राइफल, रिवाल्वर, बन्दूकें मिलनी चाहिये । उनके लिए शस्त्रों का इन्तजाम किया जायें । यह आर्म्स एक्ट अंग्रेजों का बनाया हुआ है । अंग्रेज उन लोगों को हथियार देते थे जो अंग्रेजों की जड़ें मजबूत करते थे । आज यह लाइसेन्स का सिस्टम खत्म होना चाहिए। हरदोई के एक एम० एल० ए० की दरख्वास्त को इसलिए खारिज कर दिया गया, जो बन्दूक के लिए उसने दी थी, कि कलेक्टर साहब ने उसकी सिफारिश नहीं लिखी । तो यह नौकरशाही आपको खत्म करनी पड़ेगी और इस नौकरशाही को खत्म करके देश के अन्दर वह वायुमंडल पैदा करना होगा कि जिसमें हर एक इन्सान को अपने आपको इस देश का बादशाह समझे, अपने आपको देश का रक्षक समझे । यह जो नीति आपकी आज तक रही है यह नीति पराजय की नीति रही है, यह नीति डिफीट की नीति रही है । इसे बदल दीजियेगा । और बदल देकर के हिन्दुस्तान के लोगों को मौका दीजिएगा कि वह अपनी रक्षा खुद करे । 45 करोड़ इन्सानों की एक फीसदी ताकत को भी जगाया नहीं गया है । एक फीसदी ताकत को भी नहीं तैयार किया गया है कि वह लड़ सके । रुपया कहां जाता है ? नाचने और गाने में । रुपया कहां जाता है? कल्चरल प्रोग्राम में ? रुपया कहां जाता है? शराब में । रुपया कहां जाता है ? एयाशी में, सांस्कृतिक मिशन में । रुपया नही बनता देश के लिए । अगर रुपया देश के लिए बनता तो कहीं ब्रह्मचर्य का प्रचार हुआ होता, कहीं प्रोहीबीशन हुआ होता, कहीं शराब बन्दी हुई होती, कहीं यह जो सिनेमाज हैं, जो रात दिन व्यभिचार के गाने गाते हैं, इनमें मिलिटरी कैम्प कायम किया जाता, इनम इंडस्ट्रियल हाउस कायम किया जाता । देश का निर्माण अगर करना है तो देश का निर्माण चरित्र से होगा । देश का निर्माण होगा बाडी बिल्डिंग से, कैरेक्टर बिल्डिंग से, तब देश के अन्दर फतेहयाबी की भावना आयेगी । मैं एक बात कहकर खत्म करता हूं, आप नोट कर लो जियेगा :

Not by parliamentary speeches, by majority votes, can the mighty questions be solved. But it is through the policy of blood and iron.

जब तक नागा लैंड को, जब तक मिजो लैंड को जब तक पाकिस्तान को, जब तक चीन को ईंट का जवाब पत्थर से नहीं दिया जायेगा, ब्लड फार ब्लड, इन्जरी फार इन्जरी, तब तक देश बच नहीं सकता । हम आपके सहयोगी हैं, हम आपको रास्ता बतलाने वाले हैं । आप हमको मुखालिफ समझ सकते हैं :

जिसे है फिक्र मरहम की उसे दुश्मन समझते हैं ।
इलाही खैर हो यह जख्म अच्छा हो नहीं सकता ।।

हमने देश के लिए खून दिया है, हमने देश के लिए रक्त दिया है । मैं जेलखाने की पैदावार हूं । मेरे पिता जी महात्मा काली कमली वाले और मेरी माता जी, दोनों कांग्रस मूवमेंट में जेलखाने में बन्द थे जब मैं पैदा हुआ था । 13 वर्षों की उमें में मैं नजर बन्द रहा हूं और 15 वर्ष की उम्र में कालकोठरी में रहा हूं । मैंने खून दिया है, मुझे देश का दर्द है । मैं कहता हूं कि 45 करोड़ इन्सान जागेंग, अपने को देश का शाहन्शाह समझेंगे, अपने आपको देश का रक्षक समझेंगें, तब देश बचेगा, अहिंसा और शांति के नारों से देश नहीं बच सकता । इन्ही शब्दों के साथ मैं आपसे फिर दरख्वास्त करता हूं कि इस पालिसी को रिवाइज कीजिएगा और जो रास्ता नन्दा साहब ने भ्रष्टाचार को दूर करने का बनाया है, उस रास्ते को आगे बढ़ने दीजिएगा । देश आगे बढ़ेगा ।

Shri Sham Lal Saraf: Sir, I rise to support the Demands for Grants and the Report of the Ministry of Home Affairs that have been placed before

the House. I wholly agree with my hon. colleagues who preceded me from my party—Shri Khadilkar, Shri Bhagwat Jha Azad and Shri Mathur, —who have highlighted the work of the Ministry of Home Affairs pairticularly from the time Shri Nanda has taken over this Ministry. I have had the experien.e of coming in contact with the Ministry of Home Affairs right from 1947 to 1962. One thing I must say: we have had a galaxy of Home Ministers in our country during this period; it started from the late Sardar Vallabhbhai Patel. There is a very great difference between then and now. Firstly, when the Home Minister at the Centre wanted something to be done, no State could fail to do what the Home Ministry wanted it to do. Secondly, whenever there was a move from the Home Ministry—the Ministry of Home Affairs—the Ministry would get full support from the rest of the Ministries at the Centre. But today, what do we find? I am speaking candidly and frankly. When the Ministry of Home Affairs wants certain things to be done, to be acted upon by the State—I must say this and I must say this painfully—a number of States refuse to do it. The State from which I come—I do not want to go into the details—has refused to take action on what the Home Minister has said. and the State Government and all of us have suffered because the State did not do what the Minister of Home Affairs wanted it to do. I do not want to take the time of the House much more on this matter. I know Mr. Nanda for many years, I know his frankness, sincerity and honesty of purpose. He has sicerely wanted to take certain steps with which all of us would agree, whether in the opposition or on this side. But the necessary support from the concerned ministries even in the Centre was not forthcoming. I may tell my party friends that even some of the high-ups in the party would not support him. Naturally this is a matter about which all of us are anxious and there is need for rethinking on the part of all of us about this matter.

May I list some of the problems facing this ministry today? I know, defence is the foremost problem in this country. I know the Prime Minister is grappling with a number of problems. I know the Food Minister is every day confronted with many things here. But everything is capped by the problems of the Home Ministry. It is not a seasonal or periodical problem, but is a day to day, hour to hour problem. We will not have to go far to realise this. In this very House not a single day passes when we do not see this thing or that thing cropping up concerning this ministry. Keeping that in view, I ask all our friends on this side as well that side, have we ever in our calmer moments pondered what actually are the problems that confront the Home Ministry and what should be the duty of all of us as nationals of this great country who have to play our own little part? I have hardly found a person in the Congress or the opposition realising all the problems facing us. I am not speaking at a personal level. I may differ personally with Mr. Nanda over a number of things. But when he presides over this ministry, it is high time our countrymen, to whichever party they belong, honestly and sincerely tried to realise the problems facing us.

Our conflict with Pakistan is not over. God knows what might happen tomorrow. China is still after us. With all the good feelings I have for my left communist friend who has come out of jail after 16 months, I must tell him frankly that I have seen many things from China in Jammu and Kashmir ever since 1949. When I came here in 1962, I spoke on the Demands of the External Affairs Ministry. Pandit Jawaharlal Nehru was sitting there listening. I mentioned a number of points about which we had informed the Central Government as early as 1949-50. Unfortu-

[Shri Sham Lal Saraf]

nately, the government did not take any action. Perhaps hon. Members here might not have seen those bad days in my State when thousands and lakhs of people were affected by events that followed the Chinese invasion. Certainly I have full sympathy for my left communist friends when they ask for fair treatment to be given to them. But when such things come to the surface where everything is doubtful and dark and you cannot see what is actually happening, my friends will excuse me if I say that people have to be vigilant, particularly those saddled with power. It is their responsibility to save this country from external aggression and also keep us very secure internally. If anything happens in that, that cannot be our fault or that of Mr. Bhagwat Jha Azad who was so vociferous in expressing his feelings before the House.

We hear a lot about corruption. I must say that the Ministry is taking some steps for the eradication of corruption. May be, some of these steps may not be to the liking of many people; I do not deny that. But our endeavour should be to give proper suggestions so that they could correct their mistakes, if any. On the contrary, what do we do? Whenever we get a chance, we begin to snipe at the entire organisation, sometimes the Minister himself. Only this morning a friend of mine from this side of the House sarcastically stated that since Shri Nanda had stated that he would resign if he could not eradicate corruption within two years, he should resign now as he has not succeeded in eradicating corruption. He has certainly said that. But, then, how far have we lent our little support to him? Have we done it? No. We have only been criticising him. That is not the correct step. The time has come when we must realise this. We must see how things can be set right, how this country can be got rid of the many ills that have overtaken us.

Then I come to the question of law and order. May I respectfully submit to the Minister of State and his colleagues here that the law and order situation in the country is very bad? I perfectly agree with the view that it cannot entirely be the responsibility of the Central Government. But unless and until the Central leadership and the Central Government galvanise the entire forces of the country, including the State Governments, the law and order situation will not improve. I would request hon. Members, particularly from the opposition, to remember that we must not play with this very important matter. Rather, every time our effort should be to give positive, constructive, helpful suggestions to meet this menace. If today I am in danger and I am facing difficulties, unless they help me to face the situation, tomorrow the same difficulty will overtake them also.

Shri Gopalaswami Ayyangar was the Minister in charge of the States in those days. At that time most of the States were separate units. But how wonderfully he handled the situation after partition, especially in dealing with States like Junagadh, Hyderabad, Bhopal and other States. I hope those friends of mine who are sitting in those benches will excuse me when I say that I know most of them, because for a number of years I have been attending the State Peoples' Conference, and I know how they functioned in their respective States. My friends should not forget that those were the days when some Maharajas, Nawabs and Rajas wanted to shake hands with Mr. Jinna and be helpful to Pakistan rather than being helpful to us. I know how bold Sardar Vallabhbhai Patel and Shri Gapalaswami Ayyangar were in getting things done. They were first-class statesmen and administrators. But what is the position today?

So, I would tell Shri Hathi and Shri Nanda, the time has come when they should be bold to take certain decisions. Shri Nanda should stick to what he feels and says. I have to say that in some of his statements Shri Nanda has resiled from the position or stand he had earlier taken, which is very dangerous to the country. I know the pressures and pulls that are being exercised on him. Yet, I will say that Shri Nanda has the full support of the majority of the party, rather the support of the country. Therefore, let him face the situations boldly and take right decisions.

I will not be doing justice to these grants if I do not say something about my State. I have spoken several times, though not in very much detail, about the State of Jammu and Kashmir. In the wake of the last invasion from Pakistan, aggression from Pakistan, what has happened is well-known to all. Today the situation has changed from bad to worse. We do not know whether Pakistan may declare a war. About China also we cannot be absolutely sure. Only yesterday some people who have come from that area were talking to me. Some trouble is simmering in these areas. When it may come on the surface it is difficult to say. Therefore you have to be very vigilant and regarding that I am placing certain things before you.

My hon. friend, Shri Mathur, just casually mentioned that some thousands of persons from Poonch-Rajouri area of Kashmir had gone over to Pakistan. He did not mention the details. I am placing them before you and it is absolutely authentic.

Out of 78,000 people who crossed over, about 10,000 are said to be those who collaborated with the raiders and the attackers, participated with them and perpetrated a number of atrocities. I do not want to give the details of the atrocities. They had two leaders, one a MLA and the other a MLC. All this has been brought to the notice of the Central Government. I want to ask with full sense of responsibility as to what action has been taken so far and if no action has been taken why action has not been taken? Even the General, the Brigadier, the Brigade Major, of that area the Deputy Commissioner, the Commissioner and the Superintendent of Police—all of them—have given their reports. Why has the State Government not taken any action? When is the Central Government going to take action? You have to take action immediately; if no action is taken, I do not know what sort of agitation may be there.

From inside the house of a person—I do not want to give the details—known to some of my hon. friends here, because of the very vigilant army officers and intelligence service there, five infiltrators were caught red-handed. I must pay my compliments to the army officers and to the intelligence who were there in Poonch at that time. Then the natural results should have followed. These matters have already come up before the State Legislature. Nothing has happened; he is going scot free. He is in Delhi talking to many people against India, against Government—against everybody. I do not want to name the person but I might pass on that information to the hon. Minister; perhaps, he might be knowing it. Why no action has been taken? Why are you taking such chances with them? God knows, where these things may lead us to.

Then, the State officers asked for certain action to be taken against certain persons. Have you taken that? On the contrary, what is happening? You have put the Divisional Commissioner there, a very competent man; but because of influences brought upon him by the State Government he has to sit at the table with the very same MLA as mentioned above and recommend payment of relief to those who had gone over-to Pakistan, or were displaced through the military action. Lakhs

[Shri Sham Lal Saraf]

of rupees have been placed at their disposal for resettling those people who had to return back from Pakistan for whom five reception centres have been opened. On their recommendations licences are given which they are going to use tomorrow to kill me, Shri Azad and everybody. How long are you going to tolerate this position?

I may tell you frankly that all my 40 years of public life I have spent very humbly in this movement. Will this be the end of all that we have done for so many years? Is this going to be the end of the organisation of which I happen to be one of the humble founders and a small worker? Is that going to happen to us? This is the warning which everybody must take as early as possible.

Then, there is another thing. My hon. friends will excuse me, but to my mind the Communists, particularly the Left Communists—I am meaning no disrespect to hon. friends here—are pro-China. They are not helpful. That position is very clear. I have heard my very dear friend, Shri Mukerjee. He is a politician and I very respectfully submit that I too happen to be a politician. He has sounded two notes twice in his speeches here of which he did not speak in detail. He spoke something outside also which I heard but, unfortunately, I had spoken before him. Had I spoken after him, I would have given a befitting reply. My feeling is that they have changed their approach to the Kashmir problem. This is a very big warning and you have to be very careful about it. What happened last time? I can assure you that if there were a strong Government in Jammu and Kashmir State, no aggression of the kind would have taken place. The infiltrators would have been nipped in the bud at the very entrance into our border. Today, some such people, apart from those who had crossed over from Pakistan, right before these incidents took place, have been moving about, with whose permission, I do not know. Today, some other persons from my own country are moving about there.

Shri Kapur Singh: Who are they?

Shri Sham Lal Saraf: I will not name them now. I warn the Ministry, I warn the Government, to be very careful about that.

Before I conclude, I want to say one or two things more. No doubt, there is a refugee problem. About that I had spoken during the discussion on the Rehabilitaiion Ministry's Demands. But there is one thing. Under the garb of refugees returning from Pakistan, there are a lot of infiltrators coming into Haji Pir Pass, a small place, and other places. I wish I had the time to speak about that also. Under the garb of refugees returning from Pakistan, in Poonch, Rajouri and Naushera, a lot of infiltrators are coming in. I do now know, under that garb, how many infiltrators, how many enemies of this country might be returning.

Sir, all my life I have served Muslims. But, whether it be Muslims or Hindus, if anyone is the enemy of this country, I will be the first man to stand against him. My friend has got to be very careful in this. May I tell you I am being placed under security men in my State? Any of you can come there and you will find that a couple of security men will be standing outside my house.

17.48 hrs.

[THE SPEAKER *in the Chair*]

Some hon. Members: Shame!

Shri Sham Lal Saraf: I am senior to most of the Ministers here in public life. I have served for 42 years in public life. Bakshi Ghulam Mohammad, I can say without fear of contradiction, he may have erred here

or there, is one of the top-most patriots of this country and has served for 40 years in public life. He is now kept under security.

Dr. Ranen Sen: You are getting body-guards.

Shri Sham Lal Saraf: Thank you. I know that. (*Interruption.*) There is no pro-Indian base today. I can tell you that frankly. If a pro-Indian base can be established, it is Bakshi Ghulam Mohammad or Sham Lal Saraf who only can make it. No other person has been able to make it. We have shown that all our life. It is time for Mr. Hathi to see that he is able to set up the pro-Indian base today. If he fails in that within one or two months, God knows what will happen. The whole country may go ablaze.

श्री लहरी सिंह (रोहतक) : अध्यक्ष महोदय, सारे मुल्क में बड़ा भारी दुख और रंज पाया जाता है। कभी केरल में झगड़े होते हैं, कभी बंगाल में होते हैं। कहीं पर गोली चलती है तो कहीं पर आर्मी बुलाई जाती है। मिजो हिल्ज में झगड़े हैं, काश्मीर में झगड़े हैं। ये जो चीजें हैं ये मायटी मुगल एम्पायर की याद दिला रही हैं। राजा महाराजे जो मुगलिया खानदान के थे और उनके जमाने में जो नक्शा बना था क्या आज वही नक्शा हिन्दुस्तान में हमारे सामने नहीं है? उन्होंने गलतियों पर गलतियां कीं। हम भी गलतियों पर गलतियां कर रहे हैं। चूंकि उन में इनिशियेटिव बाकी नहीं रह गया था, बोल्डनैस की कमी थी, वे स्ट्रेटफार्वड नहीं रह गये थे, हुकमरां कमजोर हो गए थे, रीयलिस्टिक नहीं रह गए थे इस वास्ते माइटी एम्पायर खानदाने मुगलिया की खत्म हुई। हूबहू वही नक्शा इन अठारह सालों में यहां भी दोहराया जा रहा है। केरल में क्या हुआ। बंगाल में क्या हुआ। ला एण्ड आर्डर को कायम रखने के लिए आर्मी मंगाई जा रही है। अभी आपने सुना कि काश्मीर के अन्दर कितनी तादाद में इनफिल्ट्रेटर्ज आ रहे हैं। फिर आप कहते हैं कि नन्दा साहब की तारीफ की जाए। होम मिनिस्टर की तारीफ की जाए? हम उनके दुश्मन नहीं हैं। लेकिन आप यकीन करिये कि आज बच्चे-बच्चे के मन में यह खदशा पैदा हो चुका है कि होम मिनिस्टर इस मुल्क को नहीं बचा सकते हैं। जो पालिसी आज आप ने अख्त्यार की हुई है वह चल नहीं सकती। अभी लड़ाई हुई, हमारी फतेह हुई, डिफेंस ने काम किया और सारा मुल्क खुश हुआ, लेकिन जो इंटर्न पालिसी है, इंटर्नल ला एड आर्डर है, वह ठीक नहीं है। एक तरफ पीकिंग से साजिशें चल रही हैं, एक तरफ पाकिस्तान से साशिजें चल रही हैं, और किस शक्ल में कि बार्डर को खत्म किया जाये, बार्डर के अन्दर तक्सीम की हालत बनाओ, उन को ट्रेन करो गुरिला वारफेअर में और धांस दो वहां फौजों को। काश्मीर भी जाये। इस तरह से वह अपनी सीट बनाना चाहते हैं, वह वही नक्शा तैयार करना चाहते हैं जैसा कि चीन में हुआ था। जिस वक्त चीन ने लड़ाई लड़ी, उस वक्त चीन ने एक पाकेट बना ली थी और उससे बढ़ते आ गये। वह चाहते हैं कि असम में, मीजो हिल्स में, नागालैण्ड में, काश्मीर में एक सीट बन जाये और उन्हीं की फौज बना कर इस गवर्नमेंट से लड़ा जाये। लेकिन आज जहां आप के डिफेंस ने काम किया, आप के जनरल्स ने काम किया, वहां आप ने श्री सर्राफ को सुना कि होम मिनिस्ट्री में क्या हो रहा है। कितने इन्फिल्ट्रेटर्स काश्मीर में आ रहे हैं। आखिरी वक्त में कह देंगे कि क्या करें, हालात ऐसे हैं। आखिर आप की मिलिटरी कहां-कहां जायेगी। क्या आप की मिलिटरी शूट करेगी। क्या आप मिलिटरी से यह चाहेंगे कि वह इन्फिल्ट्रेटर्स के घरों में जा कर उन को शूट करे, क्या आप चाहेंगे कि मिजो हिल्स के अन्दर शूट किया जाये तीन लाख आदमियों को। यह क्या चीज है। आप की पालिसी रिअलिस्टिक नहीं है।

[श्री लहरी सिंह]

आखिरकार जो असम में हिल्स हैं वहां के लोगों की मांग क्या है, वहां के लोगों की मांग वही है जो आंध्र की थी, उन की मांग वही है जो महाराष्ट्र की थी, उन की मांग वही है जो पंजाबी सूबे वालों की थी, कि हमें रिकग्नाइज करो। आज न उन के लिये खाना है और न दाना है। सिर्फ अच्छे लैक्चर दे दिये जाते हैं। आज उन लोगों की बुरी हालत हो रही है। क्या वह दुश्मन लोग हैं मुल्क के? आज उन को सम्भाला नहीं जा रहा है। अगर आप का ख्याल है, कांग्रेस पार्टी का ख्याल है कि तीन लाख मिजो लोगों को मार कर आप राज्य कर लेंगे तो यह ख्याल गलत है। अगर आप समझते हैं कि काश्मीर में एक एक को खत्म कर के आप अपनी हुकूमत कायम कर लेंगे, तो यह ख्याल गलत है, मीजो लोगों को मार कर आप राज्य कायम कर लेंगे तो यह भी गलत है। बंगाल में आपने अपना राज्य कायम करना चाहा तो वहां रायट्स हुए, और बड़े जबरदस्त रायट्स हुए, क्योंकि आप की पालिसी-रिअलिस्टिक नहीं थी।

पंजाब के अन्दर लोगों ने आंध्र के तजुर्बे से, महाराष्ट्र के तजुर्बे से, यह मांग की कि हरियाणा बना दो। हम गवर्नमेंट की तारीफ करते थे, लेकिन गवर्नमेंट की पालिसी रिअलिस्टिक नहीं है। सब जगह कन्फ्यूजन है। अभी एक कमिशन मुकर्रर कर के एक लाठी हमारे हाथ में दे दी कि हम आपस में एक दूसरे का सर फोड़ें, आपस में लड़े, और आपस में झगड़ा करें पंजाब को खत्म करने के लिये। हमारे होम मिनिस्टर, हमारी गवर्नमेंट तैयार हो रही है कि उन्हें लड़ायें। क्या आप को मालूम नहीं है कि 1957 में इसी पार्लियामेंट ने पंजाब गवर्नमेंट से कंसल्ट कर के एक पंजाबी रीजन और एक हिन्दी रीजन बनाया और उस पर अपनी मुहर लगाई। उस वक्त जो गवर्नमेंट थी पंजाब में उस के सलाह मशवरे से किया। मालूम नहीं क्यों उस को रद्द कर दिया गया। जैसे अंग्रेज करते थे, एक कमिशन बना दिया गया और उस के जिम्मे फलानी बात, फलानी बात, फलानी बात कर दी गई। उधर से सरदार साहब कहते हैं कि हम किसी भी हालत में नहीं मानेंगे, और वह कौम जिन्दा भी है। उन के पास खाली बातें नहीं हैं, उन के पास ताकत भी है। लेकिन आप ने मुल्क के अन्दर सूबे बना कर कन्फ्यूजन पैदा कर दिया। कहा गया कि 1957 में पार्लियामेंट ने जो रीजन बनाये उन में कुछ इधर उधर कर के ठीक कर लो, लेकिन नहीं। हम से नहीं पूछा गया, अकालियों से नहीं पूछा गया, किसी से नहीं पूछा गया, और कमिशन मुकर्रर कर दिया गया। कमिशन के लिये भी कहा गया कि लिंग्विस्टिक बेसिस पर होगा। पंजाब के भीतर लिंग्विस्टिक बेसिस की बात कर रहे हैं। पंजाब के अन्दर जिस वक्त मैं मिनिस्टर था सच्चर फार्मूला था। हिन्दुओं ने सोच लिया कि हम हिन्दी लिखायें, खालसों ने सोच लिया कि हम पंजाबी लिखायें, हिन्दू चाहे दिल्ली में रहते हों या पंजाब में रहते हों, वह हिन्दी लिखायें। इस किस्म के हालात बन चुके हैं। हमारे होम मिनिस्टर साहब पंजाब के रहने वाले हैं वह क्यों रिअलिस्टिक नहीं होते, क्यों लड़ाई करवा रहे हैं, क्यों कमिशन बना दिया है? हम से पूछते कमिशन बनाने के पहले तुम में कहां डिफरेंस है। लेकिन आज इतने शक व शुबहात पैदा कर दिये गये हैं कि इस से जितना फायदा होने की उम्मीद थी उस से ज्यादा नुक्सान इस कमिशन को मुकर्रर कर के हो रहा है। कोई कहता है कि चंडीगढ़ लेंगे, कोई कहता है कि नंगल लेंगे और इन स्टेट्स के झगड़े बढ़ते चले जा रहे हैं।

हरियाना जो है उस में चार या पांच जिले हैं। क्यों नहीं यू० पी० का कुछ टुकड़ा हमें दे दिया जाता। क्या उस से दुनिया खत्म हो जायेगी? यू० पी० के कुछ आदमी 29 तारीख को आये और कहा कि हमारे कुछ जिले मिला दो। दिल्ली के जो बादेहात

हैं उन को खूब सजाओ बजाओ, लेकिन वादेशान कहते हैं कि हमें पंजाब के और हरियाणा के साथ मिला दो। लेकिन यह बर्दाश्त नहीं है क्यों कि गवर्नमेंट रिअलिस्टिक नहीं है यह बात इस लिये दबा दी जाती है कि वह कुछ लोगों को सूट नहीं करता है। जब रायट्स होते हैं, जब डंडे चलते हैं, जब आदमी जेल में जाते हैं, मरते हैं आंध्र की तरह से, महाराष्ट्र की तरह से, तब गवर्नमेंट को अक्ल आती है। पिछले अट्ठारह सालों की हमारी पालिसी कन्फ्यूजन की रही है। हर एक बात में कन्फ्यूजन। बजाय इस के कि पांच, चार जिले लेकर, जैसे कि अलवर है, भरतपुर है, उन को लेकर हरियाणा में मिलाते, हमारे यहां झगड़ा पैदा करने की कोशिश की जा रही है। सरदारों के लड़के आब बार्डर पर अटैक होगा तब लड़ेंगे, यह खालसा लोग जो हैं उन के लड़के आपकी फौज में ही नहीं रहेंगे, खालसा का एक एक बच्चा जो झोंपड़ियों में हल चलाता है, आपके लिये कुर्बानी देगा, लेकिन उसी खालसा को जो झोंपड़ियों में रह कर भी मुकाबला कर रहे हैं आप शुबहे से देखते हैं, आप उन को भींचना चाहते हैं और हरियाणा को तंग करना चाहते हैं और सात आठ जिलों के बटवारे के नाम में कमिशन के जरिये लड़वाना चाहते हैं। क्यों नहीं यू०पी० का कुछ हिस्सा दे देते। वस्टर्न यू०पी० और ईस्टर्न यू० पी० मिल कर इतनी बड़ी स्टेट बन जाती है.....

श्री काशी नाथ पांडे : आखिर आप को हरियाणा चाहिये या यू० पी० का टुकड़ा चाहिये। आप उस की मांग कीजिये। यह क्या है कि इस के टुकड़े कीजिये, उस के टुकड़े कीजिये। (**व्यवधान**)

श्री लहरी सिंह : यह रिअलिस्टिक पालिसी नहीं है कि पंजाब लड़े हरियाणा लड़े लेकिन यू० पी० का कोई हिस्सा बाहर न आये। जब भी लड़ाई होगी हम तुम्हारी लड़ाई लड़ेंगे, पंजाब का एक एक बच्चा तुम्हारे लिये लड़ता रहा है। हमारे मुल्क पर हमारा हक है, लेकिन जहां लड़ाई बन्द हुई, यह कहा गया कि जाट स्टेट बन जायेगी या खालसा स्टेट बन जायेगी इस को सुन कर हमें तकलीफ होती है। हम को लड़ाई लड़ने का यह इनाम दिया गया कहीं जाट सूबा न बन जाये। जैसे जाट लोग बड़े गद्दार हैं, बड़े जालिम हैं। जैसे खालसा गद्दार है। यह तो तुम्हारी पालिसी है और तुम चाहते हो कि पीकिंग से मुकाबला करें, तुम चाहते हो कि पाकिस्तान से मुकमबला करें। इस घर को आग लग गई घर के चिराग से। यह होम मिनिस्टर का कन्फ्यूजन है कि हम से कहा कि यह सूबा बने और अमृतसर में उन्होंने स्पीच दे दी, लुधियाने में कोई स्पीच दे दी। पंजाबी सूबा कमेटी का फैसला नहीं आने दिया, गवर्नमेंट ने पहले फैसला कर दिया। अगर फैसला गवर्नमेंट को करना था तो हम को पहले क्यों नहीं बतलाया। हमारी रिपोर्ट पढ़ लें। हम ने कहा कि पार्टीशन के वक्त जो कुछ हो चुका उस में थोड़ा सा माडिफाई कर लो बाकी वही रहने दो, लेकिन नहीं। वह लोग हमें कम्यूनलिस्ट कहते हैं, लेकिन कम्यूनलिस्ट आप लोग हैं, हर एक हिन्दू के दिमाग में है कि हमें हिंदू नहीं समझा जाता है, खालसा को हिन्दुस्तान का नेशनल नहीं समझा जाता है, जैसे वह पाकिस्तान से आया हो। जाट और खालसा दोनों को निकम्मा समझा जाता है: .....(व्यवधान) ... इसलिये मैं कहना चाता हूं कि गवर्नमेंट की कमजोर पालिसी है, गवर्नमेंट के कन्फ्यूजन से सारी गड़बड़ी है। गवर्नमेंट के अन्दर कम्यूनलिस्ट आइडियाज के लोग है जो गवर्नमेंट को चला रहे हैं। और पूरे पंजाब की हालत बुरी कर रहे हैं।

दूसरी चीज मैं यह कहना चाहता हूं कि कुछ महाबों ने यहां कहा कि करप्शन के बारे में पार्लियामेंट के अन्दर कोई नहीं बोला। करप्शन आज इस हद तक पहुंच चुका है कि मैं ने एक डिप्टी कमिश्नर से कहा कि यह हो रहा है तो उन्होंने कहा कि हम लाचार हैं, मजबूर हैं। एक पटवारी के

[श्री लहरी सिंह]

पास जाओ तो वह पचास रुपये लेता है, जमींदार से काम करवाने का, वर्ना कह देगा कि हम लाचार हैं। एस० पी० के पास जाओ और कहो कि थानेदार रिश्वत खा रहे हैं। तो वह कहते हैं कि हम लाचार हैं। क्यों लाचार हैं यह समझने की बात है। हर एक करप्ट आफिसर जो है उस की पहुंच मिनिस्टर तक है किसी तरह से भी थ्रू एम० एल० ए० या इन्फ्यूएन्सल आदमी जो भी करप्ट और इनएफिशिएन्ट आफिसर होगा उस की पहुंच ऊंचे तक है। मिनिस्टर भी अपने को मजबूरी में पाता है। एम० एल० ए० जरा स्ट्रांग हो जायें, एम० पी० जरा स्ट्रांग हो जायें तो मैं कसम खा कर कह सकता हूं कि क्या कोई इस राष्ट्र को डिगाने वाला है। कांग्रेस के उसूल क्या कोई मामूली उसूल हैं? यह तो महात्मा गांधी के बनाये हुए उसूल हैं। कौन दुश्मन है इस मुल्क का? हम आपकी नुक्ताचीनी करते हैं लेकिन हम चाहते हैं कि आपका राज बना रहे। मैं सच कह रहा हूं ईमान से, हमने यह भी नहीं कहा कि नेशनल गवर्नमेंट नहीं है आपकी। हम आपके साथ लड़े। हमने कहा कि आपकी नेशनल गवर्नमेंट है। हम राजी हैं आपके साथ। लेकिन वह चीफ मिनिस्टर्स और मिनिस्टर्स, अब क्या कहें, उड़ीसा के खिलाफ, पंजाब के खिलाफ, बिहार के खिलाफ, जगह जगह से शिकायतें आई, फिर आखीर में शास्त्री जी की हम तारीफ करते हैं कि हिम्मत वाला आदमी था, राष्ट्रपति हिम्मत वाले थे, उन्होंने झटके दिये और अब झटका देकर फिर बाद में एन्क्वायरी नहीं की कि प्रेस्टिज जायेगी, गवर्नमेंट की प्रेस्टिज, कांग्रेस की प्रेस्टिज जायेगी। अरे, कोई इस जमात को नहीं हिला सकता अगर यह करप्शन को और धक्का मारे। क्यों चीफ मिनिस्ट्री से या मिनिस्ट्री से चिपके हुए हैं, आप एन्क्वायरी कराओ और उनको एक तरफ करो। आपको हादसा क्या है? उड़ीसा के खिलाफ बात आयी, उनको कांग्रेस का प्रेसीडेंट बना दिया और कह दिया कि क्विट करा दिया। क्विट कराने से क्या हुआ? बिहार वाले रो रहे हैं। राजस्थान वाले रो रहे हैं और फिर दूसरी बात मैं आपको बताऊं--आदिवासी क्या हैं? गरीब आदमी। क्या मांग करते हैं। कह दिया कि हम यह देंगे, वह देंगे, कुएं बनवायेंगे, प्लानिंग मिनिस्टर साहब ने कहा कि हमने यह किया, वह किया। यह बात कहने की नहीं है। यह तो बच्चों को बहकाने वाली बातें हैं। उनके ऐस्पिरेशंस को समझो कि क्या वह चाहते हैं। उनको छाती से लगाओ, तुम्हारे सब काम हो जायेंगे। लेकिन आदिवासियों को, उनके लीडर्स को शूट किया जाता है। आम आदमी, को स्पीकर साहब, यह ख्याल पैदा हो चुका है कि जब राजा को अन्दर मारा गया, तो उन गरीबों का क्या हाल हो सकता है? इसलिए जहां जहां हो, उस प्राब्लम को बोल्डली सेफ करो, हिम्मत दिखाओ उनके प्राबलम को समझो। मिजो के प्राबलम को समझो, काश्मीर के प्राबलम को जैसा अभी एक भाई ने कहा, उसको समझो, वहां की गवर्नमेंट को बदलो अगर वह ठीक नहीं है। यह चीज तो करते नहीं, यहां दिल्ली में बैठकर राज करना चाहते हैं। दिल्ली में बैठकर राज नहीं हो सकता। .....

अध्यक्ष महोदय: पांच मिनट में खत्म कर देंगे आप:

श्री लहरी सिंह: पांच मिनट ऊपर और मिल जायें तो अच्छा है।

अध्यक्ष महोदय: पांच मिनट आप और ले लें।

श्री लहरी सिंह: काश्मीर के बारे में कहा जाता है कि वहां क्या होगा? तो मैं यह बताना चाहता हूं कि क्यों बंगाल में झगड़े हों, क्यों काश्मीर में हों? यह दिल्ली में जनाब स्पीकर साहब, क्या है? सारा गुंडा एलीमेंट दिल्ली में भरा हुआ है, दिल्ली जो

कैपिटल है हिन्दुस्तान की हुकूमत की और ऐसी मजबूत हुकूमत कि अकबर ने भी ऐसी हुकूमत नहीं की थी। काश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक यह हुकूमत है। यह गवर्नमेंट इतनी मजबूत, इतना वसीअ दायरा इसका कि हिन्दुस्तान के सब सेठ वगैरह खत्म और एक राज्य हुआ सारा और उस राज्य के अन्दर दिल्ली शहर, लेकिन गुंडा एलीमेंट इतना कि हरएक दूकानदार को रिश्वत देनी पड़ती है मिनिस्टर साहब, चुपचाप पांच रूपये दस रुपये क्यों कि खतरा है? यहां का गुंडा एलीमेंट आप तलाश कर लो। आप कब तक हंसते रहोगे। यह ड्रामा कब तक होता रहेगा? दिल्ली शहर के अन्दर पिक पाकेट्स सबसे ज्यादा हैं, सारी खराबी यहां है। केस भी नहीं चल सकता। गवाही देने के लिए कोई तैयार नहीं है, अगर कोर्टस् में जाते हैं। मैंने थानेदारों से बात की। क्यों नहीं कामयाब होते? कहने लगे कि कामयाब कैसे हों? गवाही देने के लिए कोई तैयार नहीं। कुछ तो फोन खड़क जाते हैं बड़े आदमियों के और कुछ वह इतने सस्त हैं कि हमारी चलती नहीं। फिर तीसरी बात क्या है कि एक नया तजुर्वा चल रहा है। एक स्टेट बनायी तो बंगाल का आ० जी० लाओ, पंजाब का डी० आई० जी० लाओ। क्यों नहीं यहां की पुलिस को यकीन दिलाया जाता कि आपमें से आई० जी० और डी० आई० जी० होंगे, आप में से ही तरक्की मिलेगी। आप पाकेट में रुपया रखकर चलें, जरा सी लापरवाही आपने दिखायी तो जेब में एक पैसा नहीं रहेगा : यह गुंडा एलीमेंट इस तरह बढ़ा हुआ है, बड़े बड़े व्यापारियों का क्या हाल हो रहा है, हाथ जोड़कर चलते हैं। आपकी हुकूमत नहीं मानते हैं, गुंडा एलीमेंट की हुकूमत मानते हैं। यह एलीमेंट इतना बढ़ गया है कि इसका कोई इलाज नहीं है। मैं कहता हूं आज हंसकर टाल दो लेकिन...

Shri Hathi:. I Said: address the Chair and not me. मैं हंस नहीं रहा हूं।

श्री लहरी सिंह : अच्छा जी, आखिर में क्या करेंगे आप? बुराई देंगे लेफ्ट कम्यूनिस्ट्स को, बुराई देंगे किसी और पार्टी को, बुराई देंगे पीकिंग को, बुराई देंगे पाकिस्तान को, लेकिन अपने आपको बुराई नहीं देंगे।

अब डी० आई० आर० की बात बताऊं। मैं वकील भी रहा हूं। छोटी छोटी बातों में डी० आई० आर० का इस्तेमाल होता है। यह डी० आई० आर० तो खत्म कर देना चाहिए आपको क्योंकि ला आपके पास बना हुआ है। मैकाले में पीनल कोड ऐसा बना दिया कि उससे कोई आफेंस बच नहीं सकता लेकिन नहीं मिनिस्टर और चीफ मिनिस्टर्स चाहते हैं कि डी० आई० आर० लगा दिया जाय। डी० आई० आर० में होता क्या है? सारी रिश्वत चलती है। इधर का गहूं इधर और इधर कंट्रोल, उधर कंट्रोल इसमें खूब रिश्वत चलती है और डी० आई० आर० चल रहा है। मैं कहता हूं उसे खत्म करो। डीटेंशन में कुछ आदमी होंगे जो पीकिंग से संबंधित होंगे। लेकिन और कितने आदमी हैं जो ऐसे ही जेल में सड़ रहे हैं। आज नन्दा साहब ने पढ़ दिया बड़ी चियर्स भी हो गई। इफ ऐण्ड बट लगा कर पढ़ दिया है। आखिर डेमोक्रेसी को आप खत्म करना चाहते हो? डेमोक्रेसी के माने यह हैं कि इन्सान को बन्द करो? अगर आपकी गवर्नमेंट को कोई खत्म करना चाहता हो और उसके लिए वह प्रोपेगेंडा करे तो आपको क्या राइट है कि उसे कैद में डालो। कहते हैं कि नहीं साहब, यह कम्यूनिस्ट है, यह फलां है...

Give a bad name to a dog and kill it.

अब यह बैठे हुए हैं एम० पी० जो मोहमडन हैं, क्या कोई कह सकता है कि यह बगावत करा दें? कुछ मोहमडन बगल में बैठे हुए हैं। आखिर क्या चीज है? काबिल आदमियों को पकड़कर कहा, नहीं अन्दर

[श्री लहरी सिंह]

जाओ। पंजाब में फलां, अन्दर जाओ। मेरे जिले में रोहतक वालों के बेचारों के घरों में बच्चे भूखों मर रहे हैं। वह कहते हैं कि चौधरी साहब, कांस्टीट्यूशन क्या हो गया, कुछ तो करो। मैं ने कहा कि हमारी सुनवाई नहीं होती। वह तो कमजोर पर हथियार चलाने वाले हैं, मजबत आदमियों पर हथियार नहीं चलाना चहाते है। मैं ज्यादा वक्त न लेते हुए अर्ज करूंगा कि जिस गवर्नमेंट में इनीशियेटिव न हो, जो गवर्नमेंट बोल्ड न हो, हिम्मत वाली न हो, वह गवर्नमेंट गवर्नमेंट नहीं है। एक लाला के पास बन्दूक तलवार दे दी। वह दुश्मन को मारने चले। लेकिन वह क्या तलवार चलायेंगे? तलवार के लिए दिल भी चाहिए, दिमाग भी चाहिए इनीशियेटिव भी चाहिए। और यह ज्योतिषी वगैरह कब तक काम करेंगे? इन्हीं ज्योतिषियों ने बलदेव सिंह को खत्म कर दिया, गोपी चन्द को खत्म कर दिया। इन्हीं हवेली राम ने उनको खत्म कर दिया। तो कब तक ज्योतिषियों के सहारे चलोगे? अरे, स्ट्रांग हो जाओ। मैं अधिक न कहते हुए इतना ही उम्मीद करता हूं कि पंजाब को कम से कम बचाओ। इस कमीशन को अभी वापिस बुला लो। कोई झगड़ा नहीं होगा। हम लोग बिल्कुल नहीं लड़ेंगे। जो डिफरेंस होगा बैठ कर तय कर लेंगे। क्यों कमीशन बनाओ, उसको तनख्वाह दो? क्यों हमारे सिर फुड़वाओ? क्यों जाति बिरादरी का नाश करवाओ। हम पीस ऐंड आर्डर चाहते हैं। वह मजबूत कौम जो बोर्डर पर बैठी हुई है उसको तंग मत करो। उसकी मदद करो, उसकी खिदमत करो। वह बीच में नहीं बैठे हुए हैं, वह मध्य प्रदेश में नहीं बैठे हैं। वह बोर्डर पर बैठे हुए हैं। वह पाकिस्तान का मुकाबिला करने के लिए तैयार हैं, वह चीन का मुकाबला करने के लिए तैयार हैं। हम तो सारे पंजाबी हैं इस बात के लिए। लेकिन हमें दूर ले जा रहे हो, हमें बहुत दूर ले जा रहे हो। मैं चाहता हूं कि आप कमीशन को वापस बुला लो और प्राइम मिनिस्टर साहब उनको बुलायें, समझायें, बहुत सी बातें हल हो जायेंगी।

18.08 hrs.

RISK GUARANTEE AGREEMENT WITH USA*

श्री मधु लिमये (मुंगेर) : अध्यक्ष महोदय, आज मैं बहस उठाना चाहता हूं अमरीका के साथ जोखम के सम्बन्ध में जो करार किया गया है उसको लेकर। यह सवाल कुछ अरसे के पहले मैंने तारांकित प्रश्न के रूप में उठाया था जिसका कि नोटिस दिसम्बर महीने में ही दिया गया था। फिर भी मुझे खेद है कि मन्त्री महोदय ने उस दिन हमारे प्रश्नों का कोई उत्तर नहीं दिया। सभा पटल पर जो बातें रखने के लिए सभापति जी ने उनसे अनुरोध किया था वह बातें भी मुझे दुख है कि सभा पटल पर नहीं रखी गई। उस वक्त उनसे यह पूछा गया था कि यह जो आपने गारण्टी दी है कौन क्षेत्र ऐसे हैं जिन क्षेत्रों के बारे में आप महसूस करते हैं कि अमरीका की पूंजी आनी चाहिए। अगर वह नहीं आयेगी तो हमारा काम नहीं बनेगा। इसके बारे में कोई खबर नहीं दी गई। हर एक आवश्यक जानकारी के लिए काफ़ी मेहनत करनी पड़ती है। अभी जो यह करार सबसे पहले हुआ 1957 में वह मैंने देखा। उस करार से मुझे पता चला कि यह करार अमरीका का जो म्युचुअल सिक्योरिटी ऐक्ट है 1954 वाला उस की धारा 413 बी (4) के मातहत यह करार किया गया है। अब जब बड़ी विदेशी ताकतों के साथ करार किये जाते हैं और सो भी उनके किसी कानून के मातहत तो मेरा ख्याल है कि कम से कम उस करार के साथ उस कानून का वह हिस्सा जोड़ना चाहिए।

---

*Half-An-hour Discussion.

अमरीका का विदेशी ताकतों के साथ जो करार होता है उनकी पुष्टि जब तक सीनेट के द्वारा नहीं होती है तब तक उस पर अमल नहीं किया जाता है । हमारे संविधान में तो कोई ऐसी तजवीज नहीं है । कभी कभी सभा पटल पर रखते हैं करारों को कभी नहीं रखते हैं । इस बारे में मन्त्री जी ने कहा कि यह करार रक्खा गया है । हो सकता है कि रक्खा गया हो । लेकिन जब तक कि अमरीका के इस कानून का जो सम्बन्धित हिस्सा है वह इस करार के साथ नहीं जोड़ा जाता है उस पर कोई रोशनी नहीं पड़ती है । मुझे ऐसा लगता है कि यह एक बहुत महत्वपूर्ण करार किया गया है और इसके काफ़ी खतरनाक नतीजे दुनिया के जो अविकसित देश हैं उन देशों में निकल रहे हैं । ऐसी हालत में यह बहुत जरूरी था कि यह म्युचुअल सिक्योरिटी ऐक्ट की जो 413 धारा है उसको सदन के सामने रक्खा जाता । मुझको ऐसा लगता है कि एक ओर सरकार समाजवाद का नारा देती है समाजवाद के सिद्धान्तों को मानती है लेकिन सारे काम ऐसे करती चली जा रही है जिसको कि आर्थिक गुलामी कहा जा सकता है । उस आर्थिक गुलामी का लिबास यह सरकार पहन रही है ।

अभी जिस म्युचुअल सिक्योरिटी ऐक्ट के मातहत यह जो गारण्टी देने की बात है उसके पीछे अमरीका का एकमात्र उद्देश्य है । पूंजीवादी सभ्यता और पूंजीवादी अर्थ व्यवस्था है उसका समूची दुनिया में वह फैलाव करना चाहता है । अगर आप म्युचुअल सिक्योरिटी ऐक्ट के उस हिस्से को पढ़ेंगे तो बिल्कुल इस बात का स्पष्टीकरण हो जायेगा । इसलिए सभा के सामने उसका एक, आध वाक्य मैं पढ़ देता हूं । यह जो धारा 413 है उसका नामकरण इस तरीक़े से किया गया है :—

"Encouragement of free enterprise and private participation.

(a) The Congress recognises the vital role of free enter prise in achieving rising levels of production and standards of living essential to the economic progress and defensive strength of the free world."

पूंजीवाद की जो सभ्यता है और सिद्धान्त है उसके फैलाव के लिए यह सारी बिजनैस गारण्टी का सिलसिला अमरीका ने चालू किया है । उसके सम्बन्ध में अमरीका के राष्ट्रपति प्रेसीडेंट कैनेडी साहब का एक भाषण मैंने देखा था । उस भाषण में उन्होंने इस बात का स्पष्टीकरण किया है कि निजी पूंजी के लिए अनुकूल फ़िज़ा पैदा करना यह इस कानून का मक़सद है और उन्होंने कहा है कि इसके लिए कोई शासकीय और कोई कानूनी क़दम हम उठा रहे हैं । कानूनी क़दम के बारे में उन्होंने कहा कि म्युचुअल सिक्योरिटी ऐक्ट मुनाफ़े को विदेशी मुद्रा में बदलने के बारे में गारण्टी की चर्चा थी । इसी तरह विदेशी पूंजी के राष्ट्रीयकरण के खिलाफ़ भी गारण्टी म्युचुअल सिक्योरिटी ऐक्ट में थी तो इस गारण्टी का क्षेत्र बढ़ाने के लिए कैनेडी साहब ने कहा कि इसका क्षेत्र हम बढ़ायेंगे और आगे चल कर उन्होंने कहा कि शासकीय स्तर पर कानून में संशोधन करेंगे । हमारे जो राजदूत हैं हमारे यह अविकसित देशों में जो प्रतिनिधि हैं वह बराबर वहां की सरकार के ऊपर दबाव डालेंगे कि निजी पूंजी के लिए, और उसमें निजी पूंजी का उन्होंने कहा है कि आन्तरिक पूंजी और विदेशी पूंजी यानी हिन्दुस्तान में निजी क्षेत्र के लिए यहां की पूंजी के लिए हम क्या क्या काम करें ? इसके बारे में भी अमरीका के राजदूत यह अधिकार रखेंगे कि हमारे ऊपर वह दबाव डालेंगे हम को बतायेंगे कि निजी पूंजी के लिए अनुकूल फ़िज़ा कैसे की जाये ? यह कैनेडी साहब के भाषण से बिल्कुल साफ़ होता है और साथ ही साथ उसमें यहां कहा गया है कि कानूनी तौर पर म्युचुअल सिक्योरिटी ऐक्ट में परिवर्तन करने की भी उन्होंने बात कही है । यह कानूनी परिवर्तन क्या हुआ है यह जानने की मैंने बहुत कोशिश की लेकिन हमारा जो वाचनालय है उससे इसके बारे में कोई ख़बर

[श्री मधु लिमये]

नहीं मिल सकी । जब यह दो फरवरी को उन्होंने जो समझौता किया जिसमें से एक वाक्य मैं अध्यक्ष महोदय, आप को पढ़ कर सुनाता हूं । मेरा ख्याल है कि अमरीका के राजदूत चैस्टर बोल्स साहब की यह चिट्ठी है । उसमें उन्होंने कहा है :

"After the conclusion of these agreements legislation has been enacted in the USA modifying and augmenting the coverage to be provided to investors by investment guarantees that may be issued by the government of the USA."

अभी कानून में क्या तबदीली हुई है क्या परिवर्तन हुआ है इसका हमें पता नहीं है । तो आखिरकार यह गारण्टी का करार आप काहे के लिए कर रहे हैं ? एक विदेशी मुद्रा अमरीका में भेजने के लिए 1957 में करार हुआ । दूसरी बात यहां राष्ट्रीयकरण वगैरह का कार्यक्रम आप बनायेंगे वह न बने इसके लिए 1957 का करार हुआ ।

अब कुछ और चीजों के बारे में कर रहे हैं । दूसरे लैटिन अमरीकी और अफ्रीकी देशों के साथ इस कानून के अन्दर जो करार किये गये हैं उनका मैंने अध्ययन किया । ये करार हैं आन्तरिक क्रान्ति के खिलाफ, बगावत के खिलाफ, अगर अमन चैन बिगाड़ने वाली कोई घटना हो तोड़ फोड़ का काम हो तो उसके खिलाफ़ भी गारण्टी के साथ ही साथ सरकार के द्वारा कोई ऐसा क़दम उठाया जाय जिससे विदेशी पूंजीपतियों को कोई नुकसान हो या घाटा हो तो उसके बारे में भी गारण्टी देने की बात मेरा अन्दाजा है, कि नये कानून के मातहत है । इसमें इन सारी चीजो को रक्खा गया है और हमारी सरकार ने भी बिल्कुल हर्ष के साथ इस बात को स्वीकार किया कि यह जो गारण्टी बढ़ाने की बात है उसके मातहत हम आप के साथ नया करार करने के लिए तैयार हैं । सिद्धान्ततः मेरा यह कहना है कि जबकि आप समाजवादी अर्थ व्यवस्था की बात करते हैं तो गारण्टी की जो योजना पूंजीवादी सभ्यता के फैलाने के लिये कायम की गई है उसके अन्दर इस तरीक़े से हिन्दुस्तान जैसा देश कैसे करार कर सकता है । एक तो सिद्धान्त की बात है दूसरे व्यवहार की बात है । यह आर्थिक गुलामी का लिबास पहन कर आप क्या साध रहे हैं ? मैं विदेश मन्त्री से जानना चाहता हूं कि 1957 में अमरीका के साथ यह गारण्टी का करार आपने किया उसके पश्चात् कितनी अमरीकी पूंजी आई ? क्या दूसरे पूंजीपति देशों के साथ ऐसे करार आपने किये जैसे जापान है, पश्चिमी जर्मनी है, ब्रिटेन है । और खास कर ब्रिटेन का उल्लेख इसलिए मैं करना चाहता हूं कि जो नये आंकड़े हैं उसके अनुसार भारत के अन्दर करीब करीब 450 करोड़ अंग्रेजों की पूंजी लगी हुई है और अमरीका की पूंजी 100 करोड़ से भी कम है । नये आंकड़े प्राप्त करने का मैंने प्रयास किया । वह मिल नहीं पाये । 61–62 के बारे में मुझे जानकारी मिली है कि उस साल ब्रिटिश पूंजी का इजाफ़ा हुआ है 25 करोड़ और अमरीका की पूंजी बढ़ी 10 करोड़ के आसपास यानी ब्रिटेन के साथ इस तरीक़े का कोई करार नहीं है फिर भी आज ब्रिटेन की पूंजी 450 करोड़ यहां पर है और एक साल में 25 करोड़ बढ़ी है और अमरीका के साथ यहां गारण्टी का करार कर रहे हैं और उसके फलस्वरूप आज भी 100 करोड़ से कम है और एक साल में केवल 10 करोड़ बढ़ी ।

श्री सिद्धेश्वर प्रसाद (नालन्दा) : 200 करोड़ है ।

श्री मधु लिमये : ठीक है । जो आंकड़े दिये गये हैं उन्हीं के आधार पर बतला सकता हूं । नये आंकड़े वह बतलायें । हम प्रश्न पूछते हैं तो हमें दो तीन या चार साल पहले के आंकड़े दे दिये जाते हैं ।

मैं जानना चाहता हूं कि कौन से ऐसे क्षेत्र हैं जिन क्षेत्रों में यह जो बहुत धीमी चाल

से, बहुत मन्द गति से अमरीकी पूंजी आ रही है वह अगर नहीं आएगी तो आसमान फटने वाला है। वैसे भी आज हिन्दुस्तान की तरक्की का जहां तक सवाल है आपकी जितनी सारी योजनायें हैं और खास करके द्वितीय योजना के बाद से हम बराबर देख रहे हैं कि योजना के जो उद्देश्य होते हैं, जो लक्ष्य आप निश्चित करते हैं, उनको आप पूरा नहीं कर पाते हैं। आपने कहा था कि तीन पांच साला योजनाओं के अन्दर फी आदमी सालाना आमदनी में इतनी तरक्की हुई, इतना इजाफा हुआ। लेकिन हमने देखा कि पिछली योजना के शुरू में कोई तरक्की नहीं हुई और घुमा फिरा कर मामला डेढ़ दो प्रतिशत तक हो जाता है। 17–18 साल पहले...

श्री जगन्नाथिलाल चौधरी (महुआ) : देश में कोई तरक्की नहीं हुई ? क्या आपको तरक्की हुई नजर नहीं आई...

श्री मधु लिमये : ऐसे ही बीच में आप दखल दे देते हैं। आप जानते तो कुछ हैं नहीं। मैं यह निवेदन कर रहा था कि आजादी के समय विकसित दुनिया और खास करके उत्तर अटलांटकीय देशों के और हिन्दुस्तान जैसे एशिया के अविकसित देश के जीवन स्तर में जो अन्तर था आज स्वयं अमरीका के लोग और सभी लोग महसूस कर रहे हैं कि यह अन्तर घटने के बजाय 19 साल के बाद और अधिक हुआ है और जिस ढंग से आप अपनी अर्थ व्यवस्था और योजना को चला रहे हैं इधर चार पांच साल के बाद इस स्थिति में मैं नहीं समझता हूं कि कोई परिवर्तन होने वाला है।

अध्यक्ष महोदय : अब आप समाप्त करें।

श्री मधु लिमये : पांच मिनट में मैं समाप्त कर दूंगा।

अध्यक्ष महोदय : बारह मिनट हो गए हैं। मिनिस्टर को भी तो समय चाहिये।

श्री मधु लिमये : यह बहुत महत्वपूर्ण विषय है।

एक किताब मेरे पास है जिसका नाम है युनाइटेड स्टेट्स लैटिन एमेरीकन रिलेशन्ज। लैटिन अमरीका का इसलिए मैंने उल्लेख किया है कि ये सब अविकसित देश हैं। काफी अमरीका की पूंजी इन देशों में लगाई गई है। अमरीका की पूंजी को आप भी दावत दे रहे हैं, तरह तरह की गारंटियां दे रहे हैं। लेकिन जिन देशों में अमरीका की पूंजी बड़े पैमाने पर आई हैं उनमें राजनीतिक नतीजा क्या निकला है, इसका हमें अध्ययन करना चाहिये। यह अमरीका की किताब है, सिनेट की जानकारी के लिए बनाई गई है और इसके पृष्ट 344 की ओर मैं आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं। उसके बाद दो तीन पृष्ठों में इन चीजों की चर्चा है। दो तीन मुख्य बातें मैं बता देता हूं। इसमें यह कहा गया है कि लैटिन अमरीका में अब तक तीन शक्तियां कारगर रही हैं, एक चर्च, दूसरे जमींदार और तीसरे फौज, सेना। अब नई नई शक्तियां जिसको प्रगतिशील शक्तियां कहा जा सकता है, किसानों की, मजदूरों की, मध्यम वर्ग के लोगों की, वे लैटिन अमरीका में आगे बढ़ रही हैं। लेकिन अमरीका की जो पूंजी लैटिन अमरीका के देशों में है उसका जो पुरानी ताकतें हैं, उनके साथ रिश्ता रहता है। जो प्रतिक्रियावादी शक्तियां हैं जो समाज में परिवर्तन नहीं चाहती हैं, उनके साथ हमेशा अमरीकी पूंजी का गटबन्धन रहता है और जब कभी लैटिन अमरीका की जनता आगे बढ़ने की कोशिश करती है तो बराबर अमरीका की पूंजी और पूंजी की रक्षा के लिए अमरीका की सरकार भी आगे आ जाती है, बराबर प्रतिक्रियावादी शक्तियों का साथ देती है और जो नई ताकतें होती हैं उनके खिलाफ काम करती है।

यह बात का जो किस्सा है, उससे हम एक सबक सीख सकते हैं। जब कभी कोई प्रगतिशील काम इन देशों में होता है तो उसके ऊपर मुहर लगाई जाती है कि यह कम्युनिस्टों का

[श्री मधु लिमये]

षड्यन्त्र है और गैर कम्यूनिस्ट प्रगतिशील लोगों को भी दबाने की कोशिश अमरीका की सरकार और अमरीका की पूंजी करती है । इसलिए मैं कहूंगा कि आप नागपुरमें और भुवनेश्वर में जो प्रस्ताव पारित करते आए हैं उनको देखो । आपका समाजवाद क्या कहता है ? एक ओर पूंजीवाद की सभ्यता के फैलाव के लिए अमरीका का जो कानून है उसके अन्दर आप करार करते हैं और दूसरी ओर जो आपका सार्वजनिक क्षेत्र है यह भी नौकरशाही और सफेदपोश सभ्यता का प्रतीक बन गया है, फिजूलखर्ची का प्रतीक बन गया है और आपको पैदावार का और उपभोक्ताओं के हितों का भी ख्याल नहीं है । सार्वजनिक क्षेत्र में मजदूरों के सम्बन्ध में जो कानून हैं उनके ऊपर अमल नहीं, पैदावार का ख्याल नहीं । ये सारी चीजें होती हैं निजी क्षेत्र में तो मुनाफाखोरी चलती है, हिस्सेदारों और जनता की लूट चलती है, हमारे निजी क्षेत्र में ये सारी चीजें निहित हैं । ये निजी क्षेत्र और सार्वजनिक क्षेत्र दोनों . . .

अध्यक्ष महोदय : अगर आप खुद ही आध घंटा ले लेंगे और उनके जवाब के लिए समय नहीं छोड़ेंगे तो उनको अपना स्टेटमेंट सदन पटल पर रखना होगा ।

श्री मधु लिमये : मैं खत्म कर रहा हूं ।

मैं निवेदन करूंगा कि इन सारी चीजों के बारे में आप पुनर्विचार करें । अमरीका के ऊपर हमारी जो निर्भरता है वह बढ़ती चली जा रही है । खाद्य के मामले में, आर्थिक सहायता के मामले में, पूंजी के मामले में, हर मामले में वह बढ़ती जा रही है । इसको अगर नहीं रोका जाएगा तो आपका समाजवाद, आपकी स्वतन्त्रता, आपका सब कुछ जो है, वह खत्म हो जाएगा । इसलिए मैं प्रार्थना करता हूं कि आप अपनी नीति में बुनियादी तौर पर संशोधन करें ।

श्री सिद्धेश्वर प्रसाद : अभी आधे घंटे की चर्चा में माननीय श्री लिमये . . .

अध्यक्ष महोदय : बोलने का यह अवसर नहीं है । आप सवाल ही केवल पूछ सकते हैं ।

श्री सिद्धेश्वर प्रसाद: मैं सवाल ही पूछ रहा हूं । जो बातें इन्होंने उठाई हैं उन्हें सुन कर बड़ी चिन्ता होती है । मुझे ऐसा लगता है कि चूंकि सरकार की ओर से इस सम्बन्ध में कोई विस्तृत विवरण नहीं दिया गया है, सारी बातें स्पष्ट नहीं की गई हैं, इसलिए गलतफहमी पैदा हो गई है । मैं जानना चाहता हूं कि क्या सरकार किसी उचित मौके पर अमरीका से जो पूंजी अब तक आई है या इधर हाल में आने वाली है, उसकी शर्तें क्या हैं, यह बतायेगी ? साथ ही दूसरे देशों से जो पूंजी आई है, उनकी क्या शर्तें रही हैं ? क्या इस सम्बन्ध में कोई श्वेतपत्र प्रकाशित आप करेंगे या कोई विस्तृत ब्यौरा सदन पटल पर रखेंगे ?

दूसरा स्पष्टीकरण मैं यह चाहता हूं कि क्या सरकार ने इस सम्बन्ध में विचार किया है कि पब्लिक एकाउण्ट्स कमेटी और एस्टीमेट्स कमेटी ने जो इस प्रकार की सिफारिश की है कि विदेशों से जब भी ऋण लिया जाए, उसके सम्बन्ध में सदन की अनुमति प्राप्त की जाए ? मैं जानना चाहता हूं कि इस सम्बन्ध में सरकार का फैसला क्या है ।

The Minister of Finance (Shri Sachindra Chaudhuri): Sir, the subject of discussion is the guarantees which have been given by the United States Government to its own nationals. I must say at the outset that I was greatly impressed by the industry and research of my good friend, Shri Madhu Limaye. I only wish I could say that I was equally impressed with his arguments and conclusions. I am afraid, I am not.

These guarantees which are talked of—I will kive you the details of those

guarantees—are given, I make it quite clear, not by the Government of India to any party but by the United States Government to its own nationals operating in the field of private enterprise and who propose to come out to India. The guarantees are given under three different heads under agreements signed at three different times.

The first guarantee agreement was signed on the 19th September, 1957. That was about convertibility. In other words, if an American citizen operating in the field of private enterprise came and invested his money in India, the Government of the United States guaranteed to that party in the United States that the money which is produced by way of profit or the capital that comes here would be permitted to be converted into some other kind of exchange by the Government of India. In the event of the Government of India saying that this cannot be converted, the Government of the United States would be responsible to its own nationals. In the event of that happening, the Government of the United States would be put in the same position as the private individual was before the guarantee was discharged by performance. One of the conditions would be that if there were any rupees in this country belonging to that American national, it would also be available for the American Government for spending in this country.

The next one was on the 7th December, 1959 against expropriation. In other words, if the Government of India expropriated a national of the United States who was operating in this country, as a private businessman, in that case, the American Government would guarantee to pay to him whatever was the value of the property expropriated here. There might be a difference of opinion. After that, again, the same thing will happen, namely, the American Government would be put into the same position as its own national *vis-a-vis* the Government of India. In that event, if there is any question as to what would be due to that particular person and by substitution to the American Government, that would be a matter of negotiation and failing negotiation, for the purpose of bringing to a finality, there will be arbitration. That is the second Agreement.

The third one was on the 2nd February, 1966 where the American Government guaranteed the United States national against risks that might flow from revolution, insurrection and other reasons. There again, the situation would be that the American Government would compensate its national in the event of its losing something through revolution, war and so on and so forth.

These are the three categories. In this particular case, the last case, the American Government was not seeking to get the same position as the American national in this country. In the first two cases, the American Government had the right to say, "I shall substitute myself in place of the American national in the event of the American Government having to fulfil the contract that I made with my own national in the shape of guarantees". These are the three guarantees that were there. Apart from that, there is no other guarantee. The guarantees are entered into under power given to the American Government, under its own law to which a reference has been made by Mr. Madhu Limaye. I have not read the whole text of the law. I know that particular paragraph but I have not read the whole text of the law. I cannot say what other provisions there are. But for argument's sake, I may make it quite clear, accepting what Mr. Madhu Limaye is saying is correct, namely, that the American Government was of this view that for the purpose of assisting the Private enterprise in that country, it was necessary to give that guarantee, it gave the guarantee. That is not a consideration which could possibly be brought to the door of the Government

[Shri Sachindra Chaudhuri]

of India. The Government of India, for its own purpose, for its own development, for the purpose of assisting its industry and its people, agrees to the investment by with the American party so that the American party comes here and functions for our benefit and not for the benefit of the American Government. Equally, it would be appreciated , as it must be appreciated by any businessman, if I may use this expression without reference to anybody, that when the national of an other nation comes into this country, it is not simply to assist us or to help us, not simply for the benefit of a private individual, not for the benefit of his own health, but also for the purpose of making some profit for himself. So long as we want money and what is outgoing is commensurate with our needs, then, whether it would be in the shape of profits or in the shape of dividends or in the shape of interest, we have got to allow it. We have to pay even if we borrow from our own nationals. Therefore, we have got to pay a certain amount, that is to say, the country has to pay a certain amount and that amount is always looked at with caution and care to see that it is not excessive having regard to the money conditions in this country and the rest of the world.

We have got contracts with different countries of the world. With some of the countries, we probably get a little more favourable consideration. But with others we don't. So far as this particular Agreement is concerned, the obligation of the Government of India, as I explained, is no more than that. A suggestion has been made as to what are the industries or what are the business in which the foreigners, particularly, Americans are allowed to participate. I may tell you at once that generally, we do not allow any foreigner to engage himself in banking, trading or purely commercial activities. Usually, we allow them to set up industries. When we do that, each investment is examined closely to find out whether it fits in with our Plan, whether it fits in with our requirements or whether it does not fit in with our requirements. Each application for setting up of a particular industry is closely examined. There is no general policy or principle whereby we say, beyond what I have told you, that we shall admit every industry which comes, which fulfils these qualifications. What I am trying to say to the House through you is this, that even assuming that there is a corporation which comes from America, or a private individual who comes from America and who is going to set up a particular industry in this country, which may be necessary for this country, that is no reason for making it automatic for that particular party to open its business here or to start its industry here.

Therefore, the first and primary consideration of this Government, as it must be, is the benefit to this country and to its people and to uphold the independence and the sovereignty and the honour of this country and not to sell it to anybody. It pains me that a person of Shri Madhu Limaye's eminence and of his great study finds it in himself to say that any Government in this country composed of Indians could possibly sell itself to financial slavery to any other foreign country. Not for one day could anyone possibly point an accusing finger at us and say that is the purpose with which we have continued in this country and allowed other people to engage in business. Our own necessities are the first and primary consideration.

Where it is necessary to import food, we do import food, but that does not necessarily mean that we are not taking every possible step to see that the situation disappears. Why are we trying to get fertiliser plants into this country? It is only because, taking a long-term view of matters, this country must be self-sufficient in food. We

must produce the wherewithals and the means of producing the food, and, therefore, we are going into these agreements.

I assure this House and through you, particularly, my hon. friend opposite that in everyone of these cases, not only a view is taken but a view is taken after consultation amongst ourselves and after having our minds directed on one thing and one thing alone; traditionally—and that is so according to our ethics also—we have the story of how Arjuna had his eyes directed only at the head of the bird on the tree and on nothing else; like that, we have our attention directed only to one thing, namely, what benefit we shall get out of it and how little will go to the other country and when and how we can get those terms. But in doing that, we have got our international obligations. We do not want to go begging. If we have got to borrow, we borrow on terms which are reasonable for ourselves, equally reasonable for others. We are not asking for gifts. We are negotiating for loans. We talk about aid, but aid is in the shape of a loan. A person goes to his bankers when it is necessary; a person goes to his friends when it is necessary. In certain cases, he pays a little more as, for instance, when one borrows money in hundis; in other cases, when, for instance, one borrows on sufficient securities, one pays less than when one goes to the bank. The same thing happens in the international market.

If we have followed that policy and that principle, I submit, and with confidence, that this House should congratulate us and not condemn us for what we have done. We are getting funds because we are going through difficult times. We are negotiating, as you know, and as this House knows, and we are negotiating certain terms for the purpose of putting forward and executing the Fourth Five Year Plan. Whether we have succeded in the Third Five Year Plan or not, whether administratively we have succeeded or not is a matter which certainly can be debated. I do not mind saying that there are fields where my hon. friend would be perfectly right in saying that we have not made as much progress as might be expected, but that does no mean that the need for getting loans, and getting financial assistance for the purpose of making our progress has completely disappeared or because of that we shall sit down quietly under a tree and begin contemplating on the future and contemplating on very fine principles alone and we shall be inactive. If I may remind this House of one thing, it is only those people who do not act that do not commit any mistakes. If we are to act, if we are to go forward, undoubtedly, we make a few mistakes but you have got to view them by looking at the thing in perspective. It is said—I am not suggesting that Shri Madhu Limaye is like that; but that saying comes to my mind—that *'Makshikah vranam ichchanti'*, i.e. a fly always goes and settles on a sore spot. But, after all, if I have a sore in my body, that does not mean that the whole of my body is diseased. Therefore, I ask and beg of the gentlemen in the Opposition and my hon. friends to go into that question.

A question was raised by my hon. friend there whether we shall or we shall not tell this House what the details are. Now, it is getting late, and if my hon. friend wishes, he can come to me; I have got the details of the particular businesses which have been entered into with America, what the amounts are and so on. I do not feel any hesitation in putting that before the House.

So far as the recommendations of the Public Accounts Committee or the Estimates Committee are concerned, they are given due consideration and respect. Having done that, one still has got to take one's decision. After all, our purpose, our task and our duty is to try and discharge the functions entrusted to us to the utmost of our

[Shri Sachindra Chaudhuri]

ability and, we hope, to the satisfaction of Parliament. Therefore, we give every thought to whatever recommendation is made by any body set up by Parliament in the matter of consultation with Parliament, putting papers before Parliament and so on.

Therefore, we are constantly alive to the fact that certain information has got to be given. Whenever requested or when we feel it necessary, we voluntarily put the papers on the Table. Unless it is a trade secret or unless on grounds of public interest it cannot be disclosed or divulged either to you or to the House, we are always willing to disclose whatever we have.

I am specifically referring to the number of businesses where American capital has been employed, and the quantity of American capital that has come in. The different particulars concerning these can be put before the House. They are numerous, but it can be done.

As Shri Limaye has kindly pointed out—I am not in a position to challenge his figures—nearly Rs. 900 crores worth of foreign exchange has been invested in this country and this cannot be in two or three businesses, but in a large number of them. In each case, there is a separate kind of contract. After all, where private enterprise comes in—and that is the subject of the debate—it does so in order to collaborate with private enterprise.

Their agreements are considered very carefully before a licence is given. Each one of these, having regard to the exigencies of that particular industry, will have a slight variation. Here and now I cannot say that all the 99 businesses are like this. There are 99; each one of them has got a particular pattern. But the pattern which I can refer to is that the interest which is given or the dividend which is allowed to go out or the participation which is permitted or the royalties which are allowed to be taken, all these are closely scrutinised and having regard to what the world price is, it is allowed or disallowed.

These are the submissions I wanted to make.

18.43 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Thursday, April 28, 1966/Vaisakha 8, 1888 (Saka).

GMGIPND—LS II—425 (Ai) LSD— 25-7-66—970